तापमान
अधिकतम 29.1 डिग्री
न्यूनतम 17.5 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025

14 लुटेरों की गोली से चकनाचूर हो गई जांघ की हड्डी, लॉकिंग...

14 टंकी निर्माण-पाइपलाइन बिछाने के बाद कहीं पानी...


# विवादों में घिरे दवा निगम में सर्जरी, ज्वाइंट डायरेक्टर फाइनेंस मीनाक्षी की प्रतिनियुक्ति समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

दवा और उपकरण खरीदी के मामले में अक्सर विवादों में रहने वाले छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की गई है। कोरोनाकाल से सेवा देने और खरीदी मामले में चर्चा में आई संयुक्त संचालक फाइनेंस मीनाक्षी शुक्ला गौतम को हटा दिया है। उनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर उन्हें मूल विभाग वापस भेज दिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के बाद अब वे संयुक्त संचालक हाउसिंग बोर्ड का काम संभालेंगी। दवा कार्पोरेशन में विवादों में घिरे कुछ और अधिकारियों को भी शीघ्र हटाए जाने का अनुमान है।

दवा कार्पोरेशन नियमों की धज्जियां उड़ाने और कम कीमतों की दवा को ज्यादा कीमत में खरीदने, घटिया खरीदी जैसे मामलों को लेकर हमेशा चर्चा में रहता है। अभी यहां 600 करोड़ के रीएजेंट और उपकरण खरीदी का मामला सबसे अधिक चर्चा में है। इस घोटाले को लेकर विवादों में आ चुके सीजीएमएससी की संयुक्त संचालक वित्त मीनाक्षी गौतम को हटा दिया गया है। इस बदलाव को पुराने विवादों से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नई नियुक्ति भी

मीनाक्षी गौतम को हटाए जाने के साथ ही उनके स्थान पर अतुल कुलश्रेष्ठ की नियुक्ति की गई है। कुलश्रेष्ठ अब तक संयुक्त संचालक (अतिरिक्त प्रभार) संचालनालय ऑडिट प्रकोष्ठ में सेवा दे रहे थे। नई जिम्मेदारी दिए जाने के बाद उन्हें पुराने प्रभार से मुक्त किया गया है। दवा निगम में उनके अलावा दो चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति भी शीघ्र किए जाने की चर्चा है।

## कोरोनाकाल से दे रही थीं सेवाएं, अब संयुक्त संचालक हाउसिंग बोर्ड

- विवादों में घिरे कुछ अन्य अफसरों की शीघ्र मूल विभाग में वापसी का अनुमान


सही ठिकानों पर नहीं पहुंचा करोड़ों का रीएजेंट दवा गोदाम और छोटे हेल्थ सेंटरों में हो रहे खराब

### घटिया दवा खरीदी भी चर्चा में

सीजीएमससी द्वारा घटिया दवा की खरीदी भी चर्चा में है। आंबेडकर अस्पताल में कार्डियक सर्जरी विभाग से खून पतला करने की दवा बेअसर होने की शिकायत मिली थी। इस आधार एमडी पद्मिनी भोई साहू ने इस मामले में दवा सप्लाई की जांच के आदेश दिए हैं। मामला सामने आने पर संबंधित कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जा रही है, जिसके लिए जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### शराब दुकान में चोरी नाबालिग समेत आधा दर्जन गिरफ्तार

**रायपुर।** खमतराई के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में 27 हजार रुपए कीमत से ज्यादा की शराब चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चार नाबालिगों सहित छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। शराब दुकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने लाला देवार तथा विकास उर्फ लोचा देवार तथा अन्य चार नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने 14-15 जनवरी की दरमियानी रात शराब दुकान के शटर का ताला तोड़ शराब चोरी की थी।

### ट्रेलर की चपेट में आकर बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** विधानसभा के सेमरिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। तर्रा निवासी पेशे से ऑटो पार्ट्स दुकान संचालक अजय यादव ने पुलिस को बताया कि गुरुवार शाम सात बजे उसके जीजा अनिल कुमार यादव रायपुर आ रहे थे। सेमरिया के पास घटना दिनांक को शाम साढ़े सात बजे के करीब ट्रेलर सीजी 04 एमआर 7037 के चालक ने लापरवाही से ट्रेलर चलाते हुए अनिल की बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

### क्रेडिट कार्ड से एक लाख से ज्यादा की ठगी

**रायपुर।** विधानसभा थाने में दलदल सिवनी निवासी एक्सिस बैंक में लोन सेक्शन के एरिया मैनेजर ने अज्ञात के खिलाफ उसके क्रेडिट कार्ड से एक लाख नौ हजार रुपए आहरण कर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुम्मा शशिराव ने किसी संदीप कुमार रमेश भाई के नाम से ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। गुम्मा शशि ने पुलिस को बताया कि उसके पास एचडीएफसी बैंक से कॉल कर जानकारी दी कि उसके क्रेडिट कार्ड से किसी दूसरे के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर किए गए हैं। जानकारी जुटाने पर अकाउंट संदीप कुमार रमेश भाई के अकाउंट में रुपए ट्रांसफर होना पाया गया।

### साथी वकील पर हमले से आहत और गुस्से में थे अधिवक्ता

# बदमाश को वकीलों ने कोर्ट में घेरा, जमकर पीटा, बचाव करते पुलिस वाले भी हुए जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोर्ट परिसर में शुक्रवार को बवाल मच गया। यहां साथी वकील पर हमले से आहत वकीलों ने पेशी पर लाए गए बदमाश पर धावा बोल दिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान बचाव कर रहे पुलिस से भी झूमाझटकी के हालात बन गए। काफी देर तक यहां हंगामा होता रहा। पुलिस किसी तरह बदमाश की जान बचाकर उसे अस्पताल ले गई।

पूरा मामला इस प्रकार से है, शिवानंद नगर निवासी पेशे से वकील दीर्घेश शर्मा और मनोज सिंह मंदिर में पूजा करने गए थे। इस दौरान मनोज का साढ़ू अजय सिंह मंदिर पहुंचा और मनोज पर उसके खिलाफ बार-बार शिकायत करने का आरोप लगाते हुए दीर्घेश से उलझ गया और कहा, तुम्हें कैंसर है मैं, तुम्हें जान से मार दूंगा और उसने दीर्घेश के गले पर पत्थर से वार कर दिया। दीर्घेश ने हाल ▶▶|शेष पेज 13 पर

## वकीलों ने राज्य में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की

### रेलिंग टूटी, पुलिस वालों को भी लगी चोटें

झूमाझटकी, मारपीट के दौरान वकीलों की धक्का-मुक्की से कोर्ट परिसर के बाहर लगी रेलिंग टूट गई। इसके अलावा बदमाश को बचाने पहुंचे एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर, सिविल लाइंस सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस अजय कुमार, कोतवाली सीएसपी योगेश साहू, खमतराई टीआई सचिन सिंह सहित आधा दर्जन से ज्यादा पुलिसकर्मियों को चोटें आई हैं।



### बचाने अतिरिक्त फोर्स बुलानी पड़ी

कोर्ट में वकीलों के हंगामा तथा उनके आक्रोश को देखते हुए कोर्ट परिसर में सिविल लाइंस थाना के साथ मौदहापारा, गोलबाजार, कोतवाली थाने का पुलिस बल बुलाना पड़ा। हंगामा शांत कराने मौके पर एएसपी ग्रामीण कीर्तन राठौर सहित कोतवाली तथा सिविल लाइंस सीएसपी को मौके पर पहुंचना पड़ा। कोर्ट परिसर में दो घंटे से ज्यादा समय तक हंगामा होता रहा।

### आए दिन वकीलों पर हमले हो रहे

राज्य के अलग-अलग जिलों में आए दिन वकीलों पर हमले हो रहे हैं। रायपुर में किसी दूसरे की पैरवी करने पर वकील पर बदमाश ने हमला किया। वकीलों पर लगातार हो रहे हमले को देखते हुए हम राज्य में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के साथ वकीलों को सुरक्षा उपलब्ध कराए जाने की मांग करते हैं।

**- हितेंद्र तिवारी,** अध्यक्ष रायपुर जिला बार एसोसिएशन

# ऊर्जा पार्क की लौटेगी ऊर्जा, तालाब होगा साफ, चलेगी नाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

ऊर्जा पार्क के तालाब में होटलों की गंदगी, मछलियां मरीं शीर्षक से शुक्रवार के अंक में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी, जिसके बाद अब वन विभाग ने तालाब की सफाई करने के लिए ऊर्जा विभाग और निगम को पत्र लिखा है, जिसमें नाले के गंदे पानी से तालाब के दूषित होने की जानकारी दी गई है। वन विभाग ने पत्र में तालाब की सफाई कराने की भी बात कही है। हरिभूमि से बातचीत में डीएफओ लोकनाथ पटेल ने बताया कि पार्क में मेंटेनेंस कार्य की जिम्मेदारी ऊर्जा विभाग की भी है। निगम को भी इस समस्या से अवगत कराया गया है। अब दोनों ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रोजाना 20 हजार का नुकसान

ऊर्जा पार्क के तालाब में दिनभर में 400 से अधिक लोग नौकायन का लुप्त उठाते थे, जिससे 50 रुपए लिया जाता था। वर्तमान में सभी बोट तालाब से बाहर कर दिए गए हैं। गंदगी और बदबू होने से अब कोई भी तालाब के साथ भी नहीं जा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि मछलियों के मरने से बदबू ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दस डिग्री तक पहुंचा न्यूनतम तापमान

# वातावरण में अभी मौजूद रहेगी ठंड, बनी रहेगी कम-ज्यादा की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनवरी का पहला पखवाड़ा बीत चुका है, मगर आने वाले दिनों में वातावरण में ठंड मौजूद रहेगी। हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से इसका अनुभव कम और ज्यादा की स्थिति में होता रहेगा। बादल छाए होने और तापमान सामान्य से अधिक होने बाद प्रदेश में ठंड का प्रभाव बना हुआ है।



पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य का न्यूनतम तापमान दस डिग्री तक पहुंच चुका है। पारा अधिक होने के बाद भी सरगुजा संभाग में अच्छी ठंड है। शुक्रवार को रायपुर समेत मध्य हिस्से में सुबह के वक्त धूप का प्रभाव रहा दोपहर होने के बाद बादल छाए। हवा की गति सामान्य से अधिक होने की वजह से इसमें ठंडकता महसूस होती रही। अब उत्तर से ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 19 ट्रकों से करोड़ों का सामान जब्त

# बगैर बिल और फर्जी ई-वे बिल से माल परिवहन डीजीजीआई ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ गुड्स सर्विस इंटेलिजेंस (डीजीजीआई) की रायपुर जोनल यूनिट ने फर्जी ई-वे बिल तथा बगैर बिल के टीएमटी बार (सरिया), एमएस एंगल, एमएस पाइप सहित अन्य लौह उत्पाद परिवहन करते पकड़ा है। डीजीजीआई के अनुसार 19 ट्रकों से करोड़ों रुपए के लौह उत्पाद जब्त किया गया है।

- डीजीजीआई ने 19 ट्रक से करोड़ों का माल जब्ती करने का किया दावा

डीजीजीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि बगैर ई-वे बिल तथा फर्जी ई-वे बिल के माध्यम से छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश में लौह उत्पाद ट्रांसपोर्ट कर पहुंचाया जा रहा है। इसके बाद डीजीजीआई की खुफिया टीम कवर्धा, चिल्पी घाटी के पास घात लगाकर माल परिवहन कर रहे 19 ट्रकों को रोका और दस्तावेजों की जांच की, तो उनमें से ▶▶|शेष पेज 13 पर

# झारखंड के गैंगस्टर का साथी रायपुर में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

क्राइम ब्रांच की टीम ने झारखंड के गैंगस्टर सुजीत सिन्हा गैंग के साथी विक्की वर्मा को मौदहापारा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आया बदमाश करीब 20 दिन पूर्व रायपुर में आकर रह रहा था। गैंगस्टर के साथी ने रंगदारी नहीं देने पर 22 नवंबर को रांची स्थित ओरमांझी में जमीन कारोबारी पर फायरिंग की थी।

विक्की वर्मा तथा उसके एक अन्य साथी जिशान शेख ने सुजीत के इशारे पर संजीव जायसवाल पर फायरिंग की थी। घटना के बाद रांची पुलिस ने जिशान को गिरफ्तार कर लिया। विक्की पुलिस को चकमा देकर दिल्ली के रास्ते रायपुर आकर छिप गया। विक्की के रायपुर में छिपे होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने उसकी पतासाजी करते हुए मौदहापारा के एक होटल से गिरफ्तार कर झारखंड पुलिस के सुपुर्द किया।

- एक्सटार्सन सहित हत्या की कोशिश, फायरिंग करने का आरोप
- रंगदारी नहीं देने पर दो माह पूर्व जमीन कारोबारी पर की थी फायरिंग



### रायपुर में रहकर की है पढ़ाई

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक विक्की ने 15 साल पूर्व रायपुर, धमतरी रोड स्थित रेडिएंट पब्लिक स्कूल में पढ़ाई की है। विक्की के पिता झारखंड में एसबीआई में नौकरी करते हैं। विक्की का एक चाचा एसईसीएल में नौकरी करता है। इसीलिए विक्की को उसके पिता ने पढ़ाई करने रायपुर भेज दिया। विक्की ने रायपुर में सातवीं से लेकर दसवीं तक पढ़ाई की है।

### पार्किंग ठेका से जुड़ा गैंग में

*पढ़ाई में कमजोर होने की वजह से विक्की को उसके पिता स्कूल से निकालकर अपने साथ रांची ले गए। रांची में विक्की ने रेलवे में पार्किंग का ठेका लिया। विक्की के पार्किंग ठेका को रांची के एक अन्य गैंगस्टर विकास तिवारी ने डरा धमकाकर अपने नाम करा लिया। इस दौरान अन्य बदमाश की मदद से विक्की, सुजीत गैंग में शामिल होकर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने लगा।*




एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटें
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### आज आरंग में निषाद राज जयंती मनाएंगे

**आरंग।** शीतला पारा आरंग में 18 जनवरी को भक्त शिरोमणी गुहा निशाद राज जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, अध्यखता बालाराम निशाद जिलाध्यक्ष छ.ग. निशाद समाज रायपुर, विशिष्ट अतिथि देवनाथ साहू भाजपा मण्डल अध्यक्ष, के.के. भारद्वाज वरिष्ठ भाजपा नेता, विनोद साहू पूर्व महामंत्री भाजपा मण्डल, धुरव कुमार मिर्धा वरिष्ठ भाजपा नेता, गैंदलाल साहू व्यापार प्रकोष्ठ आरंग विधानसभा, खिलावन निशाद अध्यक्ष निशाद समाज आरंग, गोपाल निशाद राजा निशाद समाज आरंग परिक्षेत्र, रामप्यारे निशाद सचिव छ.ग. निशाद समाज जिला संगठन रायपुर, दशरु निशाद अध्यक्ष निशाद समाज आरंग परिक्षेत्र रहेंगे।

### कुरूद सिलयारी में कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**धरसींवा।** ब्लाक मुख्यालय धरसींवा के ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी में 18 जनवरी से 19 जनवरी से दो दिवसीय भव्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस अवसर पर भव्य मड़ई मेला महोत्सव व ग्राम जंयती का आयोजन किया जा रहा है। जिसका आयोजक जागृति हड़ामंडल कुरूद सिलयारी निषाद युवा संगठन व समस्त ग्रामवासी शामिल है।

### ग्राम खोरपा में मड़ई मिलन समारोह कल

**अभनपुर।** प्रति वर्ष की भांति ग्राम खोरपा में भव्य मड़ई मिलन समारोह का आयोजन 19 जनवरी रविवार को रखा गया है। दुष्यंत कुमार पटेल ने बताया कि रात्रिकालिन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ लोककला मंच कारी बदरिया मोखा बालोद की प्रस्तुती होगी। वहीं 20 जनवरी सोमवार को कट्टर हिन्दु युवा समिति द्वारा भव्य राज्यस्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन भी रखा गया है।

## निधन

### उर्मिला खटीक



निधन। तिल्दा नेवरा तिल्दा निवासी उर्मिला खटीक पति आनंद राव खटीक का निधन शुक्रवार को हो गया। अंतिम संस्कार तिल्दा के शमशानघाट में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे अजय व विजय खटीक की माता थी।

---

विधायक और कलेक्टर से की फरियाद पर नतीजा सिफर रहा, ग्रामीणों को सिर्फ मिल रहा है आश्वासन

# मांढर के 90 एकड़ का विशाल तालाब संतोष बंद का अस्तित्व संकट में, जनप्रतिनिधि मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसींवा।

अंचल के सबसे बड़े ग्राम पंचायत मांढर में बने सैकड़ो वर्ष पूर्व से बने 90 एकड़ की विशाल संतोष बंद तालाब का अस्तित्व खतरे में है जिसको बचाने के लिए ग्रामीणों ने सरकार से गोहार लगाते हुए निवेदन किये है कि उक्त तालाब गन्दगी और जल प्रदूषण की मार झेल रहा है। वही ग्रामीणों ने कहा है आगामी पंचायत चुनाव तक तालाब को बचाने की कोशिश नहीं की तो चुनाव बहिष्कार की चेतावनी ग्रामीणों ने दी है।

■ उद्योगों से घिरा हुआ गांव में जल जमीन बचाने शुरू हुई मुहिम

रायपुर राजधानी से 15 किलो मीटर दूर धरसींवा विधान सभा का सबसे बड़ा ग्राम पंचायत है जंहा की आबादी लगभग 17000 के आसपास है और ग्राम पंचायत की चारो दिशाओं में उद्योग स्थापित हो गए है, हालांकि ग्राम में स्वास्थ्य सेवा के लिए अस्पताल और शिक्षा व्यवस्था के तहत गांव में 12 वी से कालेज स्तर तक शिक्षा की व्यवस्था है मगर गांव में पेयजल और निस्तारी की ज्वलन्त समस्या बनी हुई है क्यो की अब गांव के सबसे बड़े तालाब भी गन्दगी और प्रदूषण से अटे पड़े है जिसे बचाने के लिए अब गांव के युवा पीढ़ी सहित जनप्रतिनिधियों ने मोर्चा खोल दिया है।



**अवगत कराया**

ग्राम मांढर के ग्रामीणों ने गांव के 90 एकड़ की परिक्षेत्र में फैले संतोष बंद तालाब की सफाई के लिए ज्ञापन दिए है जिसे उच्च अधिकारियों को इस सबन्ध में अवगत करा दिया गया है।

-**पीताम्बर यादव,** सीईओ जनपद पंचायत धरसींवा

### मांढर की है पहचान संतोष बंद तालाब

*अंचल के ग्राम मांढर जो गांव को पहचान देने वाले तालाब संतोष बंद का ही अस्तित्व खतरे मे पड़ गया है। जिसकी सुरक्षा के लिए ग्रामीण अब लामबंद हो रहे हैं। माना जाता है कि संतोष बंद तालाब के नाम पर ही गांव की बड़ी पहचान स्थापित हुई है। विकासखंड धरसींवा के संतोष बंद तालाब का रकबा लगभग 90 एकड़ है। तालाब का निर्माण किसने एवं कब किया रहस्य बना हुआ है।बता दे कि ग्रामीण इसे देवताओं द्वारा निर्मित मानते हैं। जिससे हर धार्मिक त्योहारों में सबसे पहले विधि-विधान से इसी तालाब की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं इस गांव का एक मात्र बड़ा तालाब होने से ग्रामीणों का निस्तारी भी इसी तालाब से होता है। ग्रामीण बताते हैं कि गर्मी के दिनों में भी निस्तारी योग्य पर्याप्त साफ पानी रहता था। जिससे ग्रामीणों को कभी पानी की कमी महसूस नहीं हुई।*

### गांव के लगभग 1500 आदमी हर रोज करते है निस्तारी

गांव के सबसे बड़े तालाब में 1500 लोग प्रति दिन अपनी निस्तारी करते है पर पिछले कुछ सालों से तालाब में गन्दगी जम गई है जिसमे आसपास के फॉक्ट्री से निकलने वाली काली डस्ट, जलकुंभी और हजारों टन कचरे जम गए है और अब सूखने के कगार पर है जिससे गांव में पेयजल संकट के भी समस्या आ रही है।ग्राम पंचायत मांढर के जनपद सदस्य डाक्टर सत्य प्रकाश वर्मा ,पूर्व सरपंच श्री गणेशन मूर्ति,श्री हनुमंत आडिल,कार्तिक साहु (ठेकेदार), अविनाश मार्कण्डेय, शेषनारायण साहू,बुधेखर साहु,चोवाराम साहु,छगन साहु,ललित यादव, संतोष वर्मा ने बताया कि अब तालाब की गंदगी के कारण तालाब का धार्मिक महत्व भी प्रभावित होने लगा है।

---

# ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने जताया आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धरसीवा

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसीवा के द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रीस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक बैठक रखा गया जिसमें नगर पंचायत कुरा के पर्यवेक्षक संजय सिंग ठाकुर के द्वारा अध्यक्ष एवं पार्षद पद के उम्मीदवारी के लिए आवेदन लिया गया एवं प्रत्येक वार्ड में पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष के आरक्षण में पिछड़ा वर्ग को वंचित करने के विरोध में मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पूर्व सांसद छाया वर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष उधो राम वर्मा, पूर्व विधायक अनीता शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, जनपद पंचायत अध्यक्ष उतरा कमल भारती, चुनामनी साहू, भावेश बघेल, नगर पंचायत अध्यक्ष ढालेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष अनील बघेल, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मदन गोयल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित वर्मा, महिला कांग्रेस अध्यक्ष मंजू वर्मा, लोकेश्वरी वर्मा, कैलाश जायसवाल, हरिश्चंद्र वर्मा, कमल भारती, नगर पंचायत कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश साहू उपस्थित हुए।

### पंचायत चिचोली में पिछड़ा वर्ग के लिए एक भी वार्ड आरक्षित नहीं

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिचोली में 11 वार्ड आते है, आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए आरक्षण सम्पन्न हो चुका है जिसमें सरपंच पद अनुसूचित जाति महिला वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। वहीं 11 में से एक भी वार्ड अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हुआ है। यहां पर 6 वार्ड सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित किया गया है एवं 5 वार्ड अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित हुआ है। जिसमें सामान्य वर्ग में 3 पद एवं अनुसूचित जाति में 3 पद कुल 6 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित हुआ है। यहां पिछड़ा वर्ग के लिए एक भी वार्ड आरक्षित नहीं हुआ है। जिससे पिछड़े वर्ग में नाराजगी है।

---

## प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची महिला को पिलाया पानी, जच्चे- बच्चे दोनों की मौत

**अभनपुर।** ग्राम तूता की एक महिला गर्भावस्था में डिलीवरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अभनपुर में 17 जनवरी सुबह 4 बजे भर्ती किया गया था जिसकी 9 बजे सुबह ही जच्चा- बच्चा दोनों की मौत हो गई। इस संबंध में बीएमओ डॉ. शारदा साहू से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि ग्राम तूता निवासी मीना पटेल उम्र 30 वर्ष प्रसव के लिए अस्पताल पहुंची थी, पानी पिलाने के दौरान उसके श्वास नली में पानी रूक जाने से जच्चा- बच्चा की मौत हुई है जिसका पीएम किया गया है, पीएम में कार्डियक अरेस्ट होने की रिपोर्ट है, उन्होने बताया कि थका हुआ शरीर मूर्छित अवस्था में पानी पिलाने से श्वास नली में पानी रूकने से दिल की धड़कन रूकने से मौत का कारण माना गया है। महिला के मौत के दौरान डॉ. टीकम एवं नर्स तथा साथ में आई मितानिन मौजूद थे। बताया गया कि मीना पटेल के साथ में उपस्थित मितानिन द्वारा पानी पिलाने के दौरान उसकी मौत हो गई है लेकिन परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर और नर्स की उपस्थिती में बेहोशी हालात में महिला को पानी पिलाना है अथवा नहीं वह डॉक्टर के निर्देश पर ही सभी जरूरी चीजे दी जाती है, ध्यान नहीं देने की वजह से मौत हुई है।

## किराना दुकान से 2.50 लाख रुपए की चोरी

**तिल्दा नेवरा।** बीती रात्रि डॉ. खूबचंद बघेल चौक के पास मुख्य मार्ग पर स्थित वर्मा किराना स्टोर्स में अज्ञात चोरों ने दुकान के छत के ऊपर से घुसकर दुकान के गल्ले में रखे लगभग 2 से 2.50 लाख रुपए को चोरी कर फरार हो गए। अज्ञात चोरों द्वारा छत के एकदम ऊपर लगे छोटे से भाग में लोहे के शेड को उखाड़कर अंदर प्रवेश किए और पैसों की चोरी की। चोरों ने दुकान में रखे किसी भी सामानों की चोरी नहीं की है सिर्फ लाखों रुपए पर हाथ साफ किए। दुकान के संचालक ललित वर्मा ने चोरी की शिकायत नेवरा थाना में की



है। ज्ञात रहे इसके पूर्व अज्ञात चोरों द्वारा साईं मंदिर चौक के पास मुख्य मार्ग पर स्थित नेहा हार्ड वेयर दुकान में छत के ऊपर से जी कूदकर चोरी की घटना को अंजाम दिए थे जिसके आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। वहीं अब मुख्य मार्ग के दुकानों में चोरी की घटनाओं से आमजन तो सहम ही रहे है, साथ ही पुलिस की भी चिंता बढ़ा दी है।

## अवैध शराब जब्त, 3 आरोपी गिरफ्तार

**आरंग।** छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरंग पुलिस ने थाना प्रभारी राजेश सिंह के नेतृत्व में तीन अलग–अलग जगहों से 720 पौवा अवैध शराब के साथ 3 शराब कोचियों को भी गिरफ्तार किया है। आरंग थाना प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरंग पुलिस ने ग्राम लखौली के नीलगिरी मैदान के पास सड्डू रायपुर निवासी लखन गोड़ अपनी स्कूटी से 240 पौवा अवैध देशी शराब, लखौली के भाटापारा के पास ग्राम मुनरेठी नेमनदास बंजारे के स्कूटी से 240 पौवा अवैध देशी शराब और लखौली के डामर प्लांट के पास ग्राम मुनरेठी निवासी जीवन चेलक की स्कूटी से 240 पौवा अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा है। पुलिस ने तीनों



आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(02) के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।

## भगवान ने उसी को चाहा जिन्होंने निस्वार्थ भक्ति की : मंत्री वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तरपोंगी

समीपस्थ ग्राम सगुनी में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषादराज की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। बाजे -गाजे के साथ गली भ्रमण करते हुए भव्य कलशयात्रा निकाली गई। नाव पर सवार श्रीराम, सीता व लक्ष्मण के साथ भक्त गुहा निषाद राज को पतवार के साथ नाव खेते हुये झांकी निकाला गया। इस अवसर पर सिद्धेश्वर मानस परिवार फूल सिंह कन्नौजिया देवर तिल्दा का कार्यक्रम रखा गया था। समाज द्वारा प्रतिभावान छात्र- छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व एवं खेलकूद मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा की भगवान ने उसी को चाहा जिन्होंने निस्वार्थ भक्ति किया। भक्त गुहा निषाद राज का निस्वार्थ सेवा को आत्मसात कर अपने जीवन को



अच्छा बना सकते हैं। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के उपाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, दाऊ सुरेंद्र कश्यप, जनपद सदस्य रतनचंद निषाद, सरपंच ज्ञानिक बाई ध्रुव, खैरखूंट सरपंच शिवकुमार हनुमंता, सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, कुंदरु सरपंच प्रतिनिधि यशवंत वर्मा, उप सरपंच रजत कश्यप उपस्थित थे।

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र./202501110800034/ अ-6/2024-25
रायपुर, दिनांक 10/01/2025
ग्राम तेलीबांधा, प.ह.नं. 64
तहसील रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र दावडा पिता मगन लाल दावडा निवासी पचपेडी नाका रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा 109-110 छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत नामांतरण बाबत अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया है कि, ग्राम तेलीबांधा प.ह.नं. 64, तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 394/4 का भाग, भूखण्ड क्रमांक 164 रकबा 1500 वर्गफुट भूमि को आवेदक द्वारा विक्रेता गीतांजली गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर द्वारा सचिव प्रकाश दावडा पिता मगन लाल जी दावडा निवासी अमीन पारा रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत संशोधन विलेख दिनांक 19/05/1998 के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को पूर्व के पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 29/11/1984 में भूखण्ड क्रमांक 173 दर्ज होने के कारण उपरोक्त विक्रय विलेख को संशोधित कराया गया। है। अतः उक्त आवेदित भूमि को पंजीकृत संशोधन विलेख के आधार पर आवेदक अपने नाम पर नामांतरण दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतः आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 28/01/2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

---

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय रायपुर छ.ग.**

**//शपथ-पत्र //**

मै शपथकर्ता मनोज कुमार यादव (MANOJ KUMAR YADAV) उम्र- 35 वर्ष, पिता इन्द्रासन सिंह यादव निवासी हुडको कॉलोनी पुलिस लाईन रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) जो कि निम्नलिखित कथन पेश करता हूँ कि :-

**01.** यह कि मेरा उपरोक्तानुसार नाम व पता सत्य एवं सही है ।

**02.** यह कि मेरे नाम BAJAJ ALLIANZ में पॉलिसी क्रमांक- 0155032196 खुला हुआ है। जिसमें मेरा नाम अंग्रेजी के अक्षरों/ स्पेलिंग में नाम- (MANOJ KUMAR) मनोज कुमार अंकित है ।

**03.** यह कि, मेरे नाम से आधारकार्ड क्रमांक- 55985176 8295 बना है जिस पर मेरा नाम-अंग्रेजी के अक्षरों/ स्पेलिंग में नाम - मनोज कुमार यादव (MANOJ KUMAR YADAV) अंकित है।

04. यह कि, मेरे आधारकार्ड में दर्ज नाम - (MANOJ KUMAR YADAV) मनोज कुमार यादव एवं BAJAJ ALLIANZ में पॉलिसी क्रमांक 0155032196 में दर्ज नाम ( MANOJ KUMAR ) मनोज कुमार दोनो नामो की मै एक ही व्यक्ति हूँ एवं मैं ही हूँ दोनो नामों सें जाना व पहचाना पढ़ा लिखा व पुकारा जाता हूँ । जिसके दोनो नामों के सत्यता के संबंध में यह शपथ पत्र सबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है ।

**शपथकर्ता**
**मनोज कुमार यादव**

**// सत्यापन //**

उपरोक्त शपथ पत्र की कंड़िका क्रमांक 01 से 04 तक में वर्णित समस्त जानकारी मेरे ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है । जिसे आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर करी मुकाम रायपुर में सत्यापित है।

**सत्यापनकर्ता**
**मनोज कुमार यादव**

---

**//आम सूचना//**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 13228 दिनांक 26.10.2013 द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्वतंत्र भवन क्रमांक- जूनियर एम.आई.जी- 1/283 को डॉ. रश्मि रेखा बेहरा पति डॉ. शुकान्ता कुमार बेहरा एवं डॉ. शुकान्ता कुमार बेहरा पिता श्री दीनबन्धु बेहरा के नाम ऑफर आधार पर आबंटित किया गया। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 26.02.2016 को सेलडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। वर्तमान में डॉ. रश्मि रेखा बेहरा पति डॉ. शुकान्ता कुमार बेहरा एवं डॉ. शुकान्ता कुमार बेहरा पिता श्री दीनबन्धु बेहरा निवासीः-क्वा. नं. 1/ए, सड़क-25, सेक्टर-10, सिविक सेन्टर भिलाई, तह. व जिला-दुर्ग (छ.ग.) द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति सुनयना अग्रवाल पति श्री ललित कुमार अग्रवाल निवासीः- मकान नं. 66/1, वार्ड नं. 10, सुभाष पारा भानुप्रतापपुर, तहसील-भानुप्रतापपुर, जिला-कांकेर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-29 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- जूनियर एम.आई.जी- 1/283 के विक्रय के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय-दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना**
**नवा रायपुर अटल नगर**

---

**न्यायालय तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

रा.मा.क्र. 202501114300006/118 वर्ष 2024-25 नवीनीकरण अ-20(1)
पेशी दिनॉक 23.01.2025

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक राजकुमार आहूजा पिता स्व. अम्बुमल आहूजा निवासी तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा इस आशय से आवेदन पेश किया है कि मौजा तेलीबांधा स्थित खसरा नं 278/1 का भाग रकबा 413 वर्गफीट भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। पट्टे की अवधि समाप्त हो गयी है। जिसके नवीनीकरण हेतु आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ पट्टे की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 23/01/2025 तक कलेक्टर कार्यालय रायपुर के कक्ष क्रमांक-07 में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

ईश्तहार आज दिनांक 09/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) **तहसीलदार नजूल रायपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**

**मामले की श्रेणी : राजस्व**

**संदर्भ** :- जिला- रायपुर तहसील- धरसींवा प.ह.न.- 00007 सिलियारी ग्राम के नामांतरण पंजी. में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440715200018

**//ईश्तहार//**

तहसील धरसींवा के प.ह.न. 00007 के अंतर्गत ग्राम सिलियारी के वर्तमान भूमिस्वामी **बेनीराम पि तिजऊ** पिता/पति- पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 233/1 (0.0240), 306/2 (0.4860), 710 (0.7290), 743/2 (0.5910) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजकुमार वर्मा पिता/पति स्व. बेनीराम वर्मा पता सा. देह, राजकुमारी वर्मा पिता/पति स्व. बेनीराम वर्मा पता-सा. देह, देवकुमारी पिता/पति- स्व. बेनीराम पता-सा. देह, भगवती बाई पिता/ पति स्व. बेनीराम वर्मा पता-सा. देह, रामकुमार वर्मा पिता/ पति स्व. बेनीराम वर्मा पता-सा. देह के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी. विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **09/01/2025** को जारी किया जाता है।

(मुहर) **नायब तहसीलदार**
RAJENDRA CHANDRAKAR

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

जारी दिनांकः- 04/01/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82 रा. नि. मं.-18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक रघुनन्दन यादव पिता श्री सुखरू यादव निवासी टिकरापारा रायपुर खसरा नंबर 459/1 रकबा 0.1488 हेक्टर के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 30/12/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 21/01/2025 को 01:45 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**सो सूचना जानें।**

**राजस्व निरीक्षक-18 रायपुर**

---

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नीरज यादव पिता जगदीश यादव निवासी- ग्राम गुजरा पो. आ. रींवा (लखौली ) तह. आरंग जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा भूमि स्वामी संतोष पिता विष्णु वगैरह के संयुक्त स्वामित्व की भूमि मौजा बिरकोनी, प.ह.नं. 33, रा.नि.म. महासमुंद, तह. महासमुंद, जिला महासमुंद छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 1178/1 रकबा 0.51 हे. को मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय करने का सौदा तय कर बयाना राशि प्राप्त कर लिए है। रजिस्ट्री बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः उपरोक्त संव्यव्हार के परिप्रेक्ष्य में मौजा बिरकोनी, प.ह.नं. 33, रा.नि.म. महासमुंद, तह. महासमुंद, जिला महासमुंद छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 1178/1 रकबा 0.51 हे के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था निकाय, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्ष कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय विलेख करार निष्पादन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति शून्य व अवैध होने से मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी। सो सूचना जाने

**भवदीय**
**जी.पी. मिश्रा (अधिवक्ता)**
**Office Com Residenci Ward No. 10, Bramhan Para Arang Dist. Raipur CG. 493441, Mo.No. - 99773 62878**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग.**

**आम सूचना**

जारी दिनांकः- 03/01/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेजबहार प.ह.नं. 82 रा. नि. मं.-18 तहसील रायपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित आवेदक रघुनन्दन यादव पिता श्री सुखरू यादव निवासी टिकरापारा रायपुर खसरा नंबर 459/1 रकबा 0.1488 हेक्टर के द्वारा धारित उपरोक्त वर्णित भूमिस्वामी हक की भूमि के बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 08/11/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का बटांकन हेतु हमारे द्वारा दिनांक 21/01/2025 को 01:45 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा अथवा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में बटांकन कार्य किया जा सकता है। बटांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**सो सूचना जानें।**

**राजस्व निरीक्षक-18 रायपुर**

---

# समाज को आगे बढ़ाने के लिए उन्नत कृषि तथा शिक्षा को अपनाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर

ग्राम भेलवाडीह व उपरवारा नवारायपुर में हर्ष उल्लास के साथ मां शाकंभरी महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक इंद्र कुमार साहू, अध्यक्षता ईश्वर पटेल जिला अध्यक्ष, विशेष अ ति थि मधुसूदन पटेल प्रमुख सलाहकार धर्मेन्द्र पटेल सचिव, सरपंच प्रतिनिधि सहदेव कोसरिया की विशेष उपस्थिति रहे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि मरार समाज एक मेहनत का समाज है और आज अपने मेहनत के दम पर समाज आगे बढ़ रहा है। सामाजिक जागरूकता के साथ-साथ समाज को आगे बढ़ाने के लिए उन्नत कृषि तथा शिक्षा को

■ भेलवाडीह व उपरवारा नवारायपुर में मां शाकंभरी महोत्सव मनाया गया



अपनाना होगा, समाज खेती बाड़ी के साथ-साथ अन्य व्यवसाय को भी अपनाए। जिला अध्यक्ष ईश्वर पटेल ने कहा कि आज समाज के युवा वर्ग दिशा विहीन होते जा रहे हैं जो समाज के लिए चिंतन का विषय है एक ओर जहां समाज में बिटिया स्नातक स्नातकोत्तर करके आगे बढ़ रही है लेकिन बेटे आज पढ़ाई से मुंह मोड़ रहे हैं। जिसके कारण शादी ब्याह में भी दिक्कतें आने चालू हो गई है शिक्षित बालिकाओं के लिए योग्य वर नहीं मिल पा रहे हैं यह समाज में गंभीर समस्या बनी हुई है।

### बेटा पढ़ाओ समाज बचाव के नारा लगाने की जरूरत

समाज के लोगों को आह्वान करते हुए कहा कि अब हमें बेटा पढ़ाओ समाज बचाव के नारा लगाने की आवश्यकता है। जब तक समाज का हर एक व्यक्ति आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होगा समाज आगे नहीं बढ़ पाएगा आज समाज राजनीति में भी दखल दे रही है जिस स्थान पर समाज की बहुलता है वहां प्रयास करेंगे कि हमारे समाज से भी पंचायत और निकाय चुनाव में समाज का दखल हो। इस अवसर पर अनिल अग्रवाल, खेदु राम यादव केजू राम यादव, छबि राम यादव, रिखी राम यादव, टीकाराम साहू, विशेषर मिश्रा, सुखचंद पंडित, तिहरू राम पटेल, जगन्नाथ पटेल, लखन पटेल, रिखी राम पटेल, गिरधारी पटेल ,भागवत पटेल, सरोज पटेल, रामू राम पटेल, सखा राम पटेल, चैत राम पटेल, सीता राम पटेल, बिंदा राम पटेल, रमेश पटेल, महेश पटेल, खेलन पटेल, भूपेंद्र पटेल, महेन्द्र पटेल, राकेश पटेल, राधे पटेल, धनेश पटेल मनोज पटेल, टिकेश्वरी पटेल, शोभिनी पटेल, अमिता पटेल, बसंती पटेल, जया पटेल, इंदिया पटेल, मौजूद रहे।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला विशेषज्ञ
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## स्वामी अनुराज सत्संग महोत्सव आज से

**रायपुर।** स्वामी अनुराज जयंती महोत्सव का आयोजन 18 एवं 19 जनवरी को महामाया मंदिर परिसर पुरानी बस्ती में किया जाएगा। समिति के सदस्य अभिनंदन कुर्रे ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुदेव आनंद मतावले 18 जनवरी को आएंगे और इसी दिन भव्य शोभायात्रा 3 बजे से निकाली जाएगी। दो दिवसीय महोत्सव में छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र व देश के विभिन्न शहरों से साधक-शिष्य आएंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में गुरुदेव प्रवचन के अलावा मानव कल्याण के लिए विभिन्न दीक्षाएं भी प्रदान करेंगे।

## निधन

### रामगोपाल ओझा



**रायपुर।** वीआईपी एस्टेट शंकर नगर निवासी रामगोपाल ओझा का 17 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 जनवरी को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सचिन ओझा, अनूप ओझा एवं राहुल ओझा के पिता थे।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने निरीक्षण के बाद दिए थे जांच के निर्देश

# मोवा ब्रिज घटिया डामरीकरण मामले में बड़ी कार्रवाई, पीडब्ल्यूडी के पांच अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के मोवा ओवरब्रिज में घटिया डामरीकरण के मामले में शासन ने लोक निर्माण विभाग पीडब्लूडी के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत कार्यपालन यंत्री विवेक शुक्ला, अनुविभागीय अधिकारी रोशन कुमार साहू के साथ तीन उप अभियंता राजीव मिश्रा, देवव्रत यमराज और तन्मय गुप्ता को सस्पेंड कर दिया है। रायपुर में सड़क निर्माण में घटिया क्वालिटी से किए गए कार्य में शासन की यह पहली बड़ी कार्रवाई है, जिसमें 5 अफसरों को एक साथ सस्पेंड किया गया है। सस्पेंड कर इन सभी अफसरों को पीडब्लूडी मुख्यालय नवा रायपुर में अटैच किया गया है। अफसरों पर की गई इस कार्रवाई ने पीडब्लूडी महकमे में खलबली मचा दी है।

■ जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई कार्रवाई




पीडब्लूडी के इन अफसरों के निलंबन का आदेश उपसचिव एनपी मरावी ने जारी किया है। आदेश में लिखा है कि मोवा ओवरब्रिज के डामरीकरण का पीडब्लूडी मंत्री अरुण साव ने 10 जनवरी को शिकायतों के बाद निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने निर्माण की क्वालिटी खराब पाई थी और मौके पर ही नाराजगी जताते हुए इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। मंत्री के निर्देश पर रायपुर ब्रिज डिवीजन के चीफ इंजीनियर की ओर से केंद्रीय गुणवत्ता अनुसंधान प्रयोगशाला से डामरीकरण की गुणवत्ता की जांच करवाई गई। जांच रिपोर्ट दो दिन पहले मिली, जिसमें क्वालिटी को लेकर गंभीर टिप्पणियां की गई हैं। इसके मुताबिक औसत बिटुमिन कंटेंट, कंबाइंड डेन्सिटी और मटेरियल का ग्रेडेशन मानक स्तर से कम पाया गया। इस रिपोर्ट को देखने पर यही प्रतीत हुआ है कि जिम्मेदार अफसरों ने डामरीकरण के निर्माण कार्य की निगरानी में घोर लापरवाही बरती है, जो बहुत गंभीर है। जांच रिपोर्ट के आधार पर सभी अफसरों को सस्पेंड किया गया है।

उल्लेखनीय है कि मोवा ओवरब्रिज पर डामरीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद जैसे ही आवागमन के लिए उसे खोला गया, कुछ मिनटों के बाद ही सड़क उखड़ने लगी थी। देखते ही देखते कुछ घंटों के भीतर पूरी सड़क उखड़ गई, जिससे इस मार्ग पर गाड़ियों का चलना मुश्किल हो गया। घटिया निर्माण के कारण सड़क पर चढ़ा डामर गिट्टी के साथ उखड़कर मलबे में तब्दील हो गया था, जिसकी सूचना मिलते ही निर्माण एजेंसी से लेकर पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने आनन-फानन में सड़क की सफाई कराकर मलबे को बोरियों में भरकर दूसरी जगह डंप करा दिया था। इस मामले की जानकारी मिलने पर पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने मौके पर पहुंचकर सड़का का निरीक्षण किया था, जिसे देखने के बाद उन्होंने जांच के निर्देश दिए थे।

### बॉयोमेट्रिक मशीन पर भी विचार

# लेटलतीफी पर कलेक्टर सख्त, रजिस्टर के साथ निष्ठा एप से हाजिरी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विलंब से ड्यूटी आने एवं जल्दी चले जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर कलेक्टर ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। इसके तहत कलेक्टर बैठक लेकर निर्देश देने के साथ अब बारी-बारी सुबह 10 बजे विभिन्न विभागों के कार्यालयों का औचक निरीक्षण करने भी जा रहे हैं। इस निरीक्षण के दौरान विलंब से ड्यूटी पहुंचने तथा पूर्व सूचना दिए या अनुमति लिए बगैर अवकाश लेने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करा कार्रवाई करने के निर्देश दे रहे हैं।

इधर हरिभूमि ने खबर प्रकाशित की है कि जब तक कार्यालयों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस मशीन नहीं लग जाएगी, तब तक यह सिस्टम भी सुधर नहीं पाएगा। कलेक्टर का औचक निरीक्षण बंद होते ही लेटलतीफी का सिलसिला फिर शुरू हो जाएगा। यही कारण है कि हरिभूमि की खबर के बाद कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच रजिस्टर के साथ निष्ठा एप से भी की जा रही है। इधर कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने कहा कि बायोमेट्रिक मशीन लगाने पर भी विचार किया जा रहा है।

### बैठक में कलेक्टर की दो टूक-10 बजे पहुंचें ड्यूटी पर

कलेक्टर ने नगर निगम कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने डाटा सेंटर में जाकर निष्ठा एप से ऑनलाइन उपस्थिति की जानकारी ली और सभी अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर निष्ठा एप में की गई कर्मचारियों की एंट्री को क्रास चेक किया। कलेक्टर ने इसके बाद सभी कर्मचारियों को दो टूक कहा कि हर हाल में सुबह 10 बजे सभी को कार्यालय पहुंचना है और शाम 5.30 बजे से पहले कार्यालय ना छोड़ें, नहीं तो उनका वेतन काटा जाएगा। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

### बायोमेट्रिक मशीन पर विचार

सरकारी ड्यूटी का समय निर्धारित है। सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक। इस ड्यूटी का हर अधिकारी-कर्मचारी को पालन करना अनिवार्य है। लेटलतीफी व बिना सूचना के अनुपस्थिति रहने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। बायोमेट्रिक मशीन पर विचार किया जा रहा है।

\- **डा. गौरव सिंह,** कलेक्टर रायपुर

### महिला बाल विकास, रोजगार, जिला अस्पताल कार्यालय का किया निरीक्षण

*कलेक्टर ने शुक्रवार को जिला महिला बाल विकास कार्यालय, रोजगार कार्यालय और जिला अस्पताल पंडरी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मचारियों के हाजिरी रजिस्टरों की जांच की। इस जांच के दौरान कई कर्मचारी समय पर ड्यूटी पहुंचते नहीं थे, वहीं कई बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। कलेक्टर ने इन सभी कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।*

# दो वार्डों में मिली गंदगी ठेकेदारों पर लगाया 10-10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राजधानी रायपुर के सभी वार्डों को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम प्रशासक ने सभी जोन कमिश्नरों को कड़े निर्देश दिए हैं। इसके तहत काम में लापरवाही बरतने वाले सफाई ठेकेदारों पर कार्रवाई कर जुर्माना लगाने कहा गया है। इस निर्देश के बाद भी कई वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। ठेकेदारों द्वारा नियमित रूप से सफाई नहीं कराई जा रही है, जिसके कारण नाली-नालों से लेकर सड़कों पर गंदगी पसरी हुई है। इधर नियमित सफाई नहीं होने से कई वार्डों के बस्ती, मोहल्ले व कालोनियों में रहने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं गंदगी के कारण इन वार्डों में मच्छरों का भी प्रकोप देखा जा रहा है। इधर प्रशासक के निर्देश के तहत शुक्रवार को शहर के वार्ड नंबर 20 एवं 69 में सफाई व्यवस्था चरमराई मिलने पर संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

### निर्धारित से कम सफाई कामगारों को लगाने से चरमराई व्यवस्था

*जोन 8 कमिश्नर एके हालदार ने बताया कि बीएसयूपी गैंग सफाई ठेकेदार अनिल गिलहरे के वार्ड क्रमांक 20 के सफाई ठेकेदार दानेश्वर सेन्द्रे एवं वार्ड क्रमांक 69 के सफाई ठेकेदार कार्तिकेश्वर कुमार साहू द्वारा निर्धारित से कम संख्या में सफाई कर्मचारियों से काम लिया जा रहा था। इसके कारण उनके वार्डों में सफाई व्यवस्था चरमराई हुई थी। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही 2 दिन में निर्धारित संख्या में सफाई कर्मचारी उपलब्ध करवाकर सफाई व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए हैं।*

## पेज 11 के शेष

### विवादों में घिरे दवा...

अधिकारी इसे शासकीय प्रक्रिया बता रहे हैं। इस तबादले के साथ दवा निगम में उन अफसरों को भी हटाए जाने की चर्चा शुरू हो गई है, जिनका खरीदी-बिक्री सहित अन्य विवादों से नाता है। इन अफसरों को भी शीघ्र हटाए जाने का आदेश जारी होने का अनुमान है। सूत्रों के मुताबिक जिन अधिकारियों पर बदलाव की आंच आ सकती है, उसमें ज्यादातर दूसरे विभागों से प्रतिनियुक्ति में आकर यहां अपनी सेवा दे रहे हैं।

### बदमाश को वकीलों ने...

के दिनों में कैंसर होने की वजह से गले का ऑपरेशन कराया है। बीच-बचाव करने पर अजय ने मनोज पर भी पत्थर से वार कर दिया। घटना के बाद दोनों वकील अपने घर जाने लगे, इस बीच अजय ने अपने हाथ में चाकू लेकर मनोज को दौड़ाया। इस दौरान दीर्घेश का बेटा तथा दो अन्य बीच-बचाव करने पहुंचे, तो बदमाश ने एक का हाथ तोड़ दिया और एक के सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। चाकूबाजी की घटना में मनोज को जख्म आए हैं। इसी मामले में गिरफ्तारी के बाद अजय को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वकीलों को अजय के कोर्ट में पेश किए जाने की जानकारी पहले ही मिल चुकी थी। अजय के कोर्ट आने पर उसे सबक सिखाने वकील कोर्ट खुलने के बाद से सक्रिय हो गए थे। पेशी में आए अजय को पुलिस अपने साथ लेकर जा रही थी। इस दौरान वकीलों ने अजय को चारों तरफ से घेर लिया और उसकी धुनाई शुरू कर दी। वकीलों ने अजय की धुनाई करते हुए उसकी लात, घूंसों से पिटाई करते हुए बेदम कर दिया। पिटाई से गश खाकर अजय जमीन पर गिर गया, तो वकीलों ने उसकी लातों से पिटाई करते हुए नारेबाजी की। अजय को घेरने वकीलों की अलग-अलग टोली कोर्ट रूम से लेकर कोर्ट परिसर के चारों तरफ नजर रखे हुए थी।

### ऊर्जा पार्क की लौटेगी...

व्यवस्था नहीं बनाते हैं, तो वन विभाग अपने स्तर पर तालाब की सफाई कराएगा। वर्तमान में तालाब के पानी से नाले को जोड़ दिया गया है, जिसकी वजह से गंदा पानी सीधे तालाब में आ रहा है। उन्होंने बताया कि नाले से आ रहे गंदे पानी को रोकने व्यवस्था बनाई जाएगी। आवश्यकता अनुसार तालाब के पानी को बाहर कर साफ भी किया जाएगा। इसी महीने कार्य को पूरा किया जाएगा।

### रोजाना 20 हजार का...

और बढ़ गई है। नौकायन बंद होने से ऊर्जा पार्क प्रबंधक को रोजाना 20 हजार का नुकसान हो रहा है। अब तालाब की सफाई होने के बाद ही लोगों को नौकायन की सुविधा मिलेगी।

### बगैर बिल और...

ज्यादातर के पास ई-वे बिल नहीं थे। जिन ट्रकों में ई-वे बिल मिला वह भी नकली था। डीजीजीआई ने सभी 19 ट्रकों को अग्रिम कार्रवाई के लिए जब्त कर अपने साथ ले आई है। इसके साथ ही जिन लोगों ने माल परिवहन किया है, उनके बारे में जानकारी जुटाकर कार्रवाई करने की डीजीजीआई तैयारी कर रही है।

### वातावरण में अभी मौजूद...

ठंडी और शुष्क हवा का आगमन होने की संभावना है। इसके प्रभाव से अगले दो दिन में उत्तर तथा मध्य भाग में दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने की संभावना है। तीन दिन बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में पुनः वृद्धि का दौर प्रारंभ होने के आसार हैं। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि अब न्यूनतम तापमान में पहले जैसी गिरावट होने की संभावना है।



# कम वेतन, सरकारी अस्पतालों को नहीं मिल रहे डाक्टर, डीकेएस का इंटरव्यू स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

निजी की तुलना में सरकारी अस्पतालों में कम वेतन की वजह से डाक्टरों की कमी दूर नहीं हो पा रही है। इस समस्या की वजह से शुक्रवार को डीके अस्पताल में डाक्टरों की भर्ती का इंटरव्यू स्थगित कर दिया गया। यहां अलग-अलग 24 पदों के लिए साक्षात्कार होना था, मगर पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार नहीं पहुंचे। पूर्व में जिला स्वास्थ्य विभाग और आंबेडकर अस्पताल में भी निकली बड़ी भर्ती की प्रक्रिया में कम डाक्टर मिल पाए थे।

सरकारी अस्पतालों, मेडिकल कालेजों में एसआर से लेकर विभागाध्यक्ष तक अलग-अलग पदों के लिए 75 हजार से लेकर लगभग सवा दो लाख रुपए तक वेतन मिलता है। इसके विपरीत चिकित्सा विशेषज्ञ से लेकर वरिष्ठता के आधार पर निजी अस्पतालों में इससे दोगुना वेतन मिलता है। इस बड़ी समस्या की वजह से सरकारी अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी दूर नहीं हो पा रही है।

डीकेएस सुपरस्पशेलिटी हास्पिटल में यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, एनीस्थिसिया सहित अन्य विभाग में सहायक प्राध्यापक सहित 24 पदों पर भर्ती के लिए शुक्रवार को इंटरव्यू का आयोजन किया गया था। साक्षात्कार के लिए विशेषज्ञों की कमेटी बैठी थी, मगर बेहद कम संख्या में लोगों के पहुंचने की वजह से इंटरव्यू को आगामी तारीख तक स्थगित कर दिया गया। इसके पहले जिला स्वास्थ्य विभाग में संविदा आधार पर 21 चिकित्सा विशेषज्ञों की भर्ती के लिए इंटरव्यू की प्रक्रिया शुरू की गई थी। अब तक रिक्त पदों की पूर्ति नहीं हो पाई है। आंबेडकर अस्पताल में 106 चिकित्सकों की भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू की गई, जिसमे केवल डेढ़ दर्जन चिकित्सकों की भर्ती हो पाई थी।

## जिला स्वास्थ्य विभाग, आंबेडकर अस्पताल में निकली थी बड़ी भर्ती, नहीं मिले डाक्टर

### नौकरी छोड़ने की समस्या

डीके अस्पताल में लगभग 95 प्रतिशत चिकित्सक संविदा आधार पर सेवा देते हैं। सरकारी सेक्टर से निजी अस्पतालों में बेहतर ऑफर मिलने पर उनके द्वारा इस्तीफा देने के मामले भी सामने आते हैं। पिछले दिनों अस्पताल से एक न्यूरोलाजिस्ट ने नौकरी छोड़ी थी और एनीस्थिसिया से जुड़े एक चिकित्सक ने भी सरकारी अस्पताल में सेवा देने से इनकार कर दिया था।



### अनुसूचित क्षेत्रों में ज्यादा वेतन

शासन द्वारा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में संविदा आधार पर सेवा देने वाले चिकित्सा शिक्षकों के वेतन का पुनर्निर्धारण किया गया था। गैर अनुसूचित क्षेत्रों में प्राध्यापकों को 1.55 से 1.90 लाख दिया जाता है। अनुसूचित क्षेत्रों में 1.90 से 2.25 लाख, सहप्राध्यापक 1.35 से 1.55, अनुसूचित क्षेत्रों में 1.55 से 1.85, सहायक प्राध्यापक 90 हजार से सवा लाख, अनुसूचित क्षेत्रों 90 से 1.25 लाख, एसआर के 65 से 75 हजार तथा अनुसूचित क्षेत्रों में 65 से 95 हजार वेतन दिया जाता।

## खबर संक्षेप

### पूर्व विधायक सत्तू भैया के जन्मदिन पर बांटी स्टेशनरी



**रायपुर।** ग्रामीण विधानसभा के पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर गंगानगर प्राथमिक शाला एवं मनपुरी स्कूल में कॉपी एवं पेन वितरण कार्यक्रम रखा गया। यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 4 के जीत सिंह ठाकुर की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 500 बच्चों को कॉपी-पेन वितरित किए गए। इस दौरान वार्ड क्रमांक 5 के पार्षद नागभूषण राव, विपिन शुक्ला व कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### संयुक्त आयुक्त कांडे का प्रमोशन, अब अपर आयुक्त

**रायपुर।** केएन कांडे संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं को अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाए के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस आशय का आदेश शुक्रवार को मंत्रालय से जारी हुआ। श्री कांडे वन मंत्री केदार कश्यप के ओएसडी हैं। श्री कांडे को पदोन्नत करते हुए यथावत प्रतिनियुक्ति पर प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) नवा रायपुर पदस्थ किया गया है। उन्होंने शुक्रवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया।

### मेडिकल एसोसिएशन का शपथ ग्रहण कल

**रायपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएसन रायपुर का चुनाव हुआ है। इसमें राष्ट्रवादी पैनल के डॉ. कुलदीप सोलंकी अध्यक्ष, डॉ. केतन शाह व डॉ. किशोर झा उपाध्यक्ष और डॉ. संजीव श्रीवास्तव सचिव के रूप में प्रचंड बहुमत से निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि इसमें डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. सुषमा वर्मा, डॉ. मानिक चटर्जी, डॉ. संदीप दवे, डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. गंभीर सिंग, डॉ पूर्णेन्दु सक्सेना जैसे 527 लोगों ने मतों का उपयोग किया है।

## जल जीवन मिशन योजना के कार्य में बरती जा रही ढिलाई, मनमानी कर रहे ठेकेदार

# टंकी निर्माण-पाइपलाइन बिछाने के बाद कहीं पानी सप्लाई नहीं तो कहीं खुदाई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी टंकी और पाइप लाइन बिछाने के माध्यम से घर-घर नल कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले को मिले लक्ष्य की तुलना में 94 प्रतिशत नल कनेक्शन लगाने के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, लेकिन इसकी तुलना में अभी तक 50 प्रतिशत घरों को पानी पहुंचाने का काम पूरा नहीं हुआ है। कई गांव में तो विभाग के अधिकारियों की लापरवाही एवं ठेकेदारों की मनमानी के कारण पाइप लाइन बिछाने का काम अभी शुरू किया जा रहा है, जबकि इस योजना को शुरू हुए साढ़े चार साल हो चुके हैं। इन साढ़े चार साल में अब तक कई ग्रामीण इलाकों में पाइप लाइन बिछाए जाने के कार्य शुरू नहीं हो पाए हैं। ऐसा ही एक मामला जिले के चंदुखरी-विधानसभा क्षेत्र से लगे ग्राम नरदहा का सामने आया है। इस गांव की एक गरीब बस्ती में दो दिन पहले ही पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया है। यह काम भी गांव वालों द्वारा कलेक्टर से की गई शिकायत के बाद शुरू किया गया है।

नरदहा क्षेत्र में वार्ड नंबर-11 में नया आबादी लोहरा भाटा बस्ती एवं मल्लीन पारा है। इस बस्ती व पारा में ज्यादातर गरीब तबके के लोग निवासरत हैं। इस बस्ती में भी जल जीवन मिशन अंतर्गत घर-घर नल कनेक्शन दिया जाना है, लेकिन नरदहा गांव में जिस ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है, उसके द्वारा आधा काम पूर्ण करने के बाद काम बंद कर दिया है, जिसके कारण इस बस्ती में पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम तक नहीं हो पाया है। इधर इस बस्ती के लोगों को पानी की समस्या से लगातार जूझना पड़ रहा है।





### 6 प्रतिशत पेनाल्टी लगाएंगे

ठेकेदार की लापरवाही के कारण पाइप लाइन बिछाने सहित अन्य काम समय-सीमा में हो नहीं पाए हैं। काम पूर्ण होने के बाद ठेकेदार पर 6 प्रतिशत पेनाल्टी लगाई जाएगी। पेनाल्टी की राशि काटकर भुगतान किया जाएगा।

**- दीपक कोहली,** सहायक अभियंता, भूज-जल संवर्धन उपखंड रायपुर

### फंड जारी नहीं होने से ठेकेदार ने बंद किया काम

गांव के जागरूक एवं समाज सेवक अनिल टंडन ने बताया कि ठेकेदार को नरदहा के अलावा आसपास के अन्य गांवों में भी जल जीवन मिशन अंतर्गत काम करने का ठेका मिला हुआ है। ठेकेदार द्वारा उसके गांव के अलावा दूसरे कुछ गांव में भी आधा-अधूरे काम कर छोड़ दिए गए हैं। उन्होंने इस संबंध में जब ठेकेदार से बातचीत की, तो उसके द्वारा बताया गया कि विभाग से फंड मिला नहीं है, जिसके कारण काम को फिलहाल बंद रखा है।

### कलेक्टर से शिकायत के बाद खुदाई का काम शुरू

अनिल टंडन सहित गांव के अन्य लोगों ने इस मामले को लेकर कलेक्टर गौरव सिंह से शिकायत की है। इस शिकायत पर कलेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया था कि उनके गांव की बस्ती में भी जल्द काम शुरू हो जाएगा। इधर कलेक्टर से शिकायत के बाद दूसरे दिन ही ठेकेदार ने बस्ती में पाइप लाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया है।

# 26 मार्च को दिव्यांग करेंगे पैदल मार्च, नगरीय निकाय चुनाव में नहीं करेंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ प्रदेशभर के सात लाख से ज्यादा दिव्यांग वोटिंग से करेंगे तौबा

26 मार्च को एक बार फिर प्रदेशभर के दिव्यांग दाना-पानी लेकर अपनी छह सूत्रीय मांग मनवाने के लिए स्वाभिमान पैदल मार्च करने वाले हैं। इसके साथ ही अगर जल्द ही मांगों को संज्ञान में नहीं लिया गया, तो आगामी निकाय एवं पंचायत चुनाव में सात लाख से ज्यादा दिव्यांग एवं उनके परिवार के लोग मतदान भी नहीं करेंगे। यह निर्णय छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ ने लिया है। आगे बताया कि चारा के लिए तय राशि के बराबर भी हमें पेंशन नहीं मिल रही है। राजधानी के तेलीबांधा मरीन ड्राइव से जयस्तंभ चौक तक इस बार स्वाभिमान पैदल मार्च का निर्णय संघ ने लिया है। पत्रकार वार्ता में संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चंद्रकार ने बताया कि इसके लिए सदस्यों ने सहमति दी है। अभी तक चार बार शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का काम किया है। इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा से भी मिल चुके हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सामने भी हमने अपनी मांग रखते हुए आग्रह भी किया है कि फर्जी दिव्यांगता सर्टिफिकेट के आधार पर सरकारी नौकरी करने वाले दिव्यांग कर्मचारी और अधिकारियों की नियुक्ति की जांच कराई जाए। इससे बचने के लिए हमें और हमारे आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जाता है।

### संघ ने गिनाई प्रमुख 6 मांगें

1. शिकायत के आधार जिन 127 लोगों ने फर्जी तरीके से नौकरी प्राप्त की है, जांच के बाद बर्खास्त करें।
2. सभी विभाग में दिव्यांग कोटे के बैकलॉग पदों के लिए विशेष भर्ती अभियान विज्ञापन जारी किया जाए।
3. दिव्यांग वंदन योजना का शुभारंभ करते हुए हर माह 5000 रुपए पेंशन व बीपीएल की बाध्यता हटाएं।
4. 21 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित दिव्यांग युवतियों को महतारी वंदन योजना में शामिल करें।
5. शासकीय दिव्यांग अधिकारी-कर्मचारी के प्रमोशन पर 3% आरक्षण को लागू कराने परिपत्र जारी करें।
6. कोरोना से पूर्व के स्वरोगजार के लिए गए निःशक्त वित्त निगम के कर्ज को भी माफ किया जाए।

## बिजनेस साइट

### सीएम साय ने नई 'होंडा एसपी-125' को किया लॉन्च



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राडा ऑटो एक्सपो साइंस कॉलेज ग्राउंड में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की नई 2025 एसपी-125 बाइक की भव्य लॉन्चिंग की। इस खास मौके पर छत्तीसगढ़वासियों को नई एसपी-125 की खरीदी पर आजीवन रोड टैक्स में 50% की छूट का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल और होंडा मोटरसाइकिल इंडिया कंपनी लिमिटेड के जोनल मैनेजर प्रतीक प्रणव, एरिया सेल्स मैनेजर हर्ष पाठक, होंडा डीलर के संचालक अमर पारवानी, कैलाश खेमानी व अभिनव ऋषि भी उपस्थित रहे। नई एसपी-125 में उन्नत तकनीक, आकर्षक डिजाइन और स्मार्ट फीचर्स जैसे होंडा रोड सिंक, ब्लूटूथ नेविगेशन, वॉइस असिस्ट, यूएसबी टाइप-सी चार्जिंग पोर्ट और साइड स्टैंड इंजन कट ऑफ शामिल हैं। इसकी कीमत 1,00,860 रुपए (एक्स-शोरूम रायपुर) है। होंडा ने इसे 125 सीसी सेगमेंट में नए मानक स्थापित करने वाला मॉडल बताया।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और एसईसीआर के बीच 'सेंट सैलरी योजना' के लिए एमओयू



**रायपुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत रेलवे कर्मचारियों के लिए 'सेंट सैलरी योजना' की शुरुआत की जाएगी। यह योजना कर्मचारियों के वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए एक व्यापक और कर्मचारी-केंद्रित बैंकिंग समाधान प्रदान करेगी। समझौता ज्ञापन पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक और एसईसीआर के डिप्टी चीफ पर्सनल ऑफिसर (गजेटेड) संजय कुमार ओसवाल ने हस्ताक्षर किए। इस पहल का नेतृत्व एसईसीआर बिलासपुर की प्रिंसिपल चीफ पर्सनल ऑफिसर (पीसीपीओ) दर्शनिता बी. अहलुवालिया ने किया। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बीआर रामाकृष्णा नायक ने कहा कि यह साझेदारी हमारे सरकारी कर्मचारियों के लिए एक मूल्य-संचालित और सुविधाजनक वित्तीय समाधान प्रदान करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस साझेदारी से रेलवे कर्मचारियों को अनुकूलित बैंकिंग सेवाएं और विशेष सुविधाएं प्राप्त होंगी, जो उनके वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने में मदद करेंगी।

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के रामास्वामी प्रसाद का तीन दिवसीय रायपुर दौरा



**रायपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कॉर्पोरेट रिलेशनशिप एवं संव्यवहार बैंकिंग प्रमुख रामास्वामी प्रसाद ने रायपुर में तीन दिवसीय दौरे के दौरान संव्यवहार बैंकिंग की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बैंक सेवाओं को आधुनिक तकनीकी दृष्टिकोण से परिभाषित करते हुए ग्राहकों की आवश्यकता और उनकी सेवा में डिजिटल नवाचार के महत्व पर जोर दिया। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने इस्कॉन मंदिर रायपुर में ई-हुंडी और अनुकूलित कलेक्शन समाधान का अनावरण किया। साथ ही चैनल फाइनेंस के तहत राज्य स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न कार डीलरों के साथ मुलाकात की। 16 जनवरी को एक विशेष कार्यक्रम में उन्होंने इस्कॉन मंदिर रायपुर के ई-हुंडी, नगर निगम के ऑनलाइन बुकिंग पोर्टल और रायपुर के एक स्कूल के एप आधारित कैशलेस कैम्पस सोल्यूशन का वर्चुअल अनावरण किया।

# घर में छापा मारा, 490 पाव देशी शराब बरामद, एक गिरफ्तार दो परिवहन करते पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर





रायपुर जिले में अवैध रूप से शराब बेचने और परिवहन करने के मामले में आबकारी विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में टीम ने शुक्रवार को ग्राम नरदहा में एक घर में छापामार कार्रवाई करते हुए वहां से 490 पाव देशी मसाला शराब जब्त की है। इस मामले में शराब बेचने वाले युवक को भी गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार दोपहिया वाहन से शराब का परिवहन कर ले जाते दो लोगों को पकड़ा है।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी वैभव मित्तल ने बताया कि 16 जनवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम नरदहा में आशुतोष उर्फ अमन साहू नामक युवक अपने घर में भारी मात्रा में शराब रखा हुआ है। इस सूचना के आधार पर टीम ने उसके घर में छापा मारकर 490 पाव देशी मशाला शराब जब्त की है। इस तरह घर से कुल 30.60 लीटर शराब बरामद किया है। इसी प्रकार टीम ने नरदहा में ही राहुल साहू नामक व्यक्ति को दोपहिया वाहन में 170 पाव देशी मशाला शराब ले जाते गिरफ्तार किया। इसके अलावा रायपुर-अभनपुर मार्ग में नाका लगाकर भीम सतनामी निवासी नवापारा की वाहन की तलाशी लेने पर 140 पाव देशी मशाला शराब जब्त की। आरोपी पान पराग के थैले में शराब लेकर जा रहा था। विभाग ने तीनों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) एवं 59 (क) के तहत प्रकरण बनाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया है। कार्रवाई करने गई टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेक बहादुर कुर्रे, आबकारी उप निरीक्षक प्रकाश देशमुख, नीलम स्वर्णकार शामिल थे।

### लॉटरी से किया पीएम आवासों का आवंटन



**रायपुर।** राजधानी रायपुर के मठपुरैना, सोनडोंगरी, दलदल सिवनी, कचना के 220 परिवारों को नगर निगम में लॉटरी पद्धति से आवासों का आवंटन किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान मोर आवास के तहत पक्के मकान बनाए गए हैं। इन मकानों को किराए में रहने वाले लोगों को आवंटित करने शुक्रवार को निगम मुख्यालय के सभागार में लॉटरी निकाली गई। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के एएचपी घटक अंतर्गत कुल 11044 मकान स्वीकृत है, जिसमें से 8986 मकानों का आबंटन पूर्ण कर हितग्राहियों को अंशदान की राशि जमा कराने के बाद पजेशन दिया जा रहा है। निर्माणकर्ता एजेंसियों को 2 वर्ष की अवधि तक निर्मित आवासों में आने वाले लिकेज, सिपेज, पेंटिंग, प्लास्टर क्रैक एवं अन्य समस्याओं का सुधार करना होगा।

# लुटेरों की गोली से चकनाचूर हो गई जांघ की हड्डी, लॉकिंग प्लेट लगाकर डाक्टरों ने बचाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ बिलासपुर सिम्स से आधी रात आंबेडकर अस्पताल रेफर हुआ था घायल सुरक्षा गार्ड

जांजगीर जिले में लुटेरों की गोली लगने से गंभीर रूप से जख्मी सुरक्षा गार्ड की आंबेडकर अस्पताल के हड्डी रोग विभाग के डाक्टरों ने सर्जरी कर जान बचाई। बिलासपुर सिम्स से आंबेडकर अस्पताल लाए गए सुरक्षा गार्ड की बायी जांघ में गोली फंसी हुई थी और हड्डी चकनाचूर हो गई थी।

15 जनवरी को आधी रात मरीज को रायपुर रिफर किए जाने की जानकारी के बाद डीन डा. विवेक चौधरी और अधीक्षक डा. संतोष सोनकर के निर्देश पर आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सकों की टीम इमरजेंसी से निपटने के लिए तैयार थी। बुलेट की चोट इतनी गहरी थी कि मरीज के जांघ की सबसे लम्बी हड्डी (फीमर) चकनाचूर हो गई थी। जांघ के सफल ऑपरेशन के बाद मरीज अभी अस्थि रोग विभाग में डॉक्टरों की देखरेख में भर्ती है। उपचार करने वाली टीम के प्रमुख डॉ. राजेन्द्र अहिरे ने बताया कि मरीज के आते ही उसे प्रारंभिक उपचार देकर स्थिति को स्थिर किया।

इसके बाद विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत दास के निर्देशन में डॉ. सौरभ जिंदल, डॉ. अजिन फिलिपोस, डॉ. मनोज पल्ली एवं एनेस्थीसिया के डॉ. ए. शशांक तथा डॉ. सर्वप्रिया के साथ करीब दो घंटे तक ऑपरेशन किया गया। गोली लगने की वजह से बायीं जांघ की फीमर हड्डी के कई टुकड़े हो गए थे। बुलेट फिमोरल आर्टरी के करीब था इसलिए बहुत ही सावधानीपूर्वक निकाला गया। उसके बाद हड्डी को फिक्स करने के लिए 10 होल का लम्बा लॉकिंग प्लेट लगाया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025, 11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025, 23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 18 जनवरी 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





"साइंस कॉलेज मैदान के ऑटो एक्सपो के दौरान बाइक व कार के शौकीनों का जनसैलाब उमड़ रहा है। इसमें महंगे चारपहिया वाहन जैसे लैण्ड रोवर, टोयोटा फॉर्च्यूनर, ऑडी, बीएमडब्लू, वोल्वो और फोर्स की गोरखा व तूफान पर 1 से 10 लाख रुपए की छूट दी जा रही है। वहीं दोपहिया वाहनों में भी 10000 से 70000 रुपए तक की छूट दी जा रही है। इसमें ट्रायम्फ की स्क्रैम्बलर व स्पीड 400 शामिल है।"

# 1 करोड़ की बीएमडब्लू में 7 लाख की छूट मार्केट प्राइज से कारों में लाखों की बचत

## ऑटो एक्सपो में दो दिन में 3000 वाहन बिके महंगी कार पर 2 से 10 लाख तक की छूट

**रायपुर।** हरिभूमि टीम ने शुक्रवार को ऑटो एक्सपो में पहुंचकर जायजा लिया। इसमें रोजाना हजारों की संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। वाहन विक्रता, ग्राहकों को गर्मजोशी से कार व बाइक के फीचर्स बता रहे हैं। बाइक देखने पहुंच रहे लोग टेस्ट ड्राइव कर लुत्फ उठा रहे हैं। रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) के उपाध्यक्ष कैलाश खेमानी ने बताया कि बीते दो दिनों में करीब 3000 वाहनों की बिक्री हो चुकी है। कई बैंकों द्वारा ब्याज की दरों को कम से कम कर दिया गया है। वहीं डीलर्स भी महंगी गाड़ियों में 5 से 10 लाख रुपए तक की छूट दे रहे हैं।

### वोल्वो व फॉर्च्यूनर में दो से पांच लाख तक की छूट

ऑटो एक्सपो में वोल्वो पर दो से पांच लाख की छूट मिल रही है। वोल्वो एक्ससी 60 मॉडल पर 2 लाख छूट दी जा रही है, बाजार में इसकी कीमत 70 लाख रुपए है। एक्ससी 90 मॉडल पर 3 लाख की छूट दी जा रही है, जिसकी मार्केट प्राइज एक करोड़ दो हजार है। एक्ससी 40 मॉडल पर 5 लाख तक डीलर्स द्वारा छूट दी जा रही है, जबकि इसका मार्केट प्राइज 67 लाख है। सी 40 मॉडल पर 3 लाख की छूट मिल रही है। इसकी कीमत 63 लाख रुपए है। वहीं टोयाटो फॉर्च्यूनर के गियरबॉक्स में मैनुअल और ऑटोमैटिक 2024 मॉडल पर दो लाख तक छूट दी जा रही है। इनका मार्केट प्राइज 43 से 47 लाख रुपए है।





### बीएमडब्ल्यू के एक्स वन मॉडल पर 4.5 लाख की छूट

बीएमडब्ल्यू के कई मॉडल्स पर 1.5 से 7 लाख तक की छूट दी जा रही है। बीएमडब्ल्यू के एक्स वन मॉडल पर 4.5 लाख की छूट दी जा रही है। इसकी कीमत बाजार में 63 लाख रुपए है। एस. सीरीज पर 5 लाख की छूट दी जा रही है। 73 लाख इसकी कीमत बाजार में है। इसके अलावा एक्स 5 मॉडल पर 7.3 लाख की छूट दी जा रही है। इसका मार्केट प्राइज एक करोड़ 15 लाख है। वहीं कमर्शियल वाहनों पर फोर्स की गोरखा और तूफान मॉडल पर भी 90 हजार से एक लाख तक की छूट दी जा रही है। इनका मार्केट प्राइज 18 व 20 लाख रुपए है।

### ट्रायम्फ स्पीड टी 4 की लॉन्चिग आज, कीमत 14 लाख



यकीनन दोपहिया वाहन के शौकीनों को ट्रायम्फ की स्क्रैम्बलर 400 और स्पीड टी4 1200 आइकॉनिक मॉडल अपनी ओर आकर्षित करेगा। ट्रायम्फ स्क्रैम्बलर 400 मॉडल पर 10 हजार रुपए की छूट है, इसका मार्केट प्राइज 3 लाख रुपए है। वहीं शनिवार को प्रदेश में पहली बार ट्रायम्फ स्पीड टी 4 लॉन्च की जा रही है। इस पर भी 70 हजार की छूट दी जा रही है। इसका मार्केट प्राइज 14 लाख 70 हजार होगा। यह लिमिटेड एडीशन है।



---

## लाइव इवेंट

# आयुर्वेदिक दवाओं पर बढ़ा भरोसा भ्रामक विज्ञापनों से गुमराह हो रहे लोग



**रायपुर।** शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय रायपुर के पेरीफेरल फॉर्मेको विजिलेंस सेंटर के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला आयुष अधिकारियों एवं आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों का एक दिवसीय फॉर्मेको विजिलेंस जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य चिकित्सकों को आयुर्वेद दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी उपलब्ध कराना था, ताकि जनसामान्य को गुणवत्तापूर्ण आयुर्वेद उपचार उपलब्ध हो सके। आयुष विभाग छत्तीसगढ़ की संचालक इफ्फत आरा ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में लोगों का भरोसा आयुर्वेद चिकित्सा के प्रति बढ़ा है, लेकिन जनसामान्य आयुर्वेद दवाओं के छद्म विज्ञापनों के चंगुल में फंस रहे हैं, फलस्वरूप उनकी सेहत पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

### भ्रामक विज्ञापनों के 352 मामले

आम लोगों को मानक दवाएं मिल सकें, इसलिए उन्होंने इस सेंटर को भ्रामक विज्ञापनों के जरिए आयुर्वेद दवाओं से होने वाले दुष्प्रभाव तथा इसकी शिकायत के बारे में आयुर्वेद चिकित्सकों को जागरूक करने के लिए लगातार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करने पर बल दिया। इस एक दिवसीय कार्यक्रम में 5 जिला आयुष अधिकारी तथा 50 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी शामिल हुए। संस्था के प्राचार्य डॉ. जीआर चतुर्वेदी ने बताया कि इस सेंटर की स्थापना 2018 में हुई थी तथा अब तक इस केंद्र द्वारा आयुर्वेद दवाओं के भ्रामक विज्ञापनों के कुल 352 मामले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान नई दिल्ली, राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर तथा संचालनालय आयुष को भेजे जा चुके हैं।

## सिटी लाइव

# एक्सपो में स्टील-पॉवर के साथ इलेक्ट्रिक स्टाल भी सजाएंगे



**रायपुर।** लगातार 14वें वर्ष भी विधानसभा रोड स्थित श्रीराम बिजनेस पार्क में इस बार 19 से 22 जनवरी तक 4 दिवसीय राष्ट्रीय एक्सपो (स्टील एवं पॉवर) और इलेक्ट्रिक स्टाल सजाने की तैयारी है। इसमें 150 से ज्यादा स्टाल लगाए जाएंगे। यह एक्सपो उद्योगों के प्रति रुझान बढ़ाने और नवाचार को बढ़ावा देने लिए कारगर साबित होने वाला है। इससे रायपुर और छत्तीसगढ़ के उद्योगों को भी आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। एक्सपो में विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवर शामिल होंगे। इनके द्वारा अलग-अलग विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल की जाएगी। यह शैक्षणिक सत्रों के साथ व्यावहारिक अनुभवों और सार्थक प्रयास को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर अवसर भी प्रदान करेगा।

### एसोसिएशन भी दे रहा सहयोग

दोपहर 12 बजे शुरू होने वाले एक्सपो के बारे में पत्रकार वार्ता में आरके अग्रवाल ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने में उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भी सहयोग दे रहा है। राष्ट्रीय एक्सपो को इस बार भी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया है। निर्देशों के अनुसार प्रतिभागियों को 100% तक सब्सिडी प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय एक्सपो होने के कारण देशभर से करीब 10 हजार लोगों के आने की उम्मीद है। यह एक्सपो छत्तीसगढ़ के उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए भी कारगर होगा। इसमें युवाओं को जानने और सीखने का भी अवसर मिलेगा।

## लाइव इवेंट

# बढ़ते हृदय रोग पर कांफ्रेंस आज से, दो दिन होगा मंथन



**रायपुर।** कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ की 5वीं वार्षिक कांफ्रेंस 18 और 19 जनवरी को होगी। कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ चैप्टर द्वारा इस वर्ष कांफ्रेंस का आयोजन होटल बेबीलॉन कैपिटल में किया जा रहा है। कार्डियोलॉजी सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ. एसएस मोहंती और सेक्रेटरी डॉ. निखिल मोतीरमानी ने यह जानकारी शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में दी। आगे बताया कि इस कांफ्रेंस में देशभर के 400 से अधिक डॉक्टर्स शामिल होंगे। बढ़ते हृदय रोग और उनके आधुनिक इलाज के बारे में दो दिन चर्चा होगी। इसमें नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. पीसी रथ भी शामिल होंगे। एंजियोप्लास्टी के बारे में भी चर्चा करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए तैयारी को अंतिम रूप दिया गया है।

### आधुनिक तकनीक पर होगी चर्चा

इसमें दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और कोलकाता सहित देशभर के ख्यातिप्राप्त डॉक्टर्स शामिल होंगे। इनमे डॉ. पीसी मनोरिया, डॉ. वीवी पुरोहित आदि शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ से डॉ. सतीश सूर्यवंशी, डॉ. स्मित श्रीवास्तव, डॉ. जावेद अली खान, डॉ. प्रणय जैन, डॉ. स्नेहिल गोस्वामी, डॉ. मनोज गुप्ता भी इसमें चर्चा करेंगे। इस कांफ्रेंस में आने वाले समय में एंजियोप्लास्टी के आधुनिक तकनीक के बारे में एक्सपर्ट अनुभव भी साझा करेंगे। इस आयोजन में मिलने वाला नया अनुभव मरीजों के लिए भी फायदेमंद होगा। बाहरी तकनीक प्रदेश में भी मौजूद है।

---

# संतों-महात्माओं की रचनाओं पर पेश किए मराठी गीत

## मुंबई के सुप्रसिद्ध संगीतकार ऋषिकेश रानाडे ग्रुप की प्रस्तुति

**रायपुर।** 'ओंकार स्वरूपा सद्गुरु समर्था' भक्ति गीत पर श्रद्धालुओं से भरा सभागृह झूमने लगा। वहीं 'जय-जय महाराष्ट्र माझा...' में संगीतप्रेमी श्रोता उत्साह में अपने स्थान पर ही खड़े होकर तालियां बजाने लगे। बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन में ते देखे कवि' संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुंबई में मराठी फिल्म इंडस्ट्री के सुप्रसिद्ध संगीतकार-गायक ऋषिकेश रानाडे ने संत तुकाराम, संत रामदास समर्थ, संत ज्ञानेश्वर समेत अनेक संतों-महात्माओं और उनकी रचनाओं का स्मरण करते हुए यादगार कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



### तीन घंटे तक लगातार प्रस्तुति

'कानडा राजा पंढरी च्या....' से लेकर वीर सावरकर से संबंधित भावगीत तक ऋषिकेश रानाडे समेत उनके ग्रुप के नामचीन गायकों नचिकेत देसाई, प्राजक्ता रानाडे और अर्चना गोरे ने अपनी सुमधुर आवाज से तीन घंटे तक दर्शकों को महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह से हिलने नहीं दिया। एक से एक भाव व भक्ति गीतों का यह कार्यक्रम जितना जबरदस्त रहा, उतना ही बेहतरीन डॉ. समीरा गुजर का मंच संचालन भी रहा।

### हर समाज की सेवा में अग्रसर रहना है

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संघ चालक डॉ. पुर्णेंदू सक्सेना रहे। अपने संक्षिप्त संबोधन में डॉ. सक्सेना ने कहा कि बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय अधिवेशन में आकर गर्व हो रहा है। यहां देशभर से आए महाराष्ट्र मंडलों के प्रतिनिधियों का मैं हृदय से स्वागत करता हूं। 90 वर्षों से जनसेवा का सतत कार्य कर रहे इसी महाराष्ट्र मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार आ चुके हैं। उनकी यादों को न केवल महाराष्ट्र मंडल ने आज तक संजोकर रखा है।

# 'विकसित भारत सपना और वास्तविकता' पर राष्ट्रीय संवाद आज, देशभर से पहुंचेंगे वक्ता

**रायपुर।** साधना फाउंडेशन एवं आचार्य सरयूकांत झा स्मृति संस्थान ने समृद्ध भारत खुशहाल धरती आज की आवश्यकता है, थीम पर विकसित भारत संवाद श्रृंखला का आयोजन किया है। इसका प्रथम एक दिवसीय संवाद 18 जनवरी शनिवार को सुबह 10.30 बजे से वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में किया गया है। इसमें विकसित भारत-सपना, योजना और वास्तविकता पर संवाद किया जाएगा। इसमें राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर के विषय विशेषज्ञ एवं वक्ता आएंगे। इसमें प्रवेश निशुल्क है। आयोजन समिति साधना फाउंडेशन की सचिव शुभ्रा ठाकुर एवं शारदेंदु झा ने बताया कि विकसित भारत का सपना आजादी के बाद से अब तक सपना ही रह गया है।

**वृंदावन हॉल में होगा आयोजन**

### ये होंगे मुख्य वक्ता

इस पर सार्थक संवाद के लिए राष्ट्रीय स्तर के वक्ता इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रीकल्चरल इकोनॉमिक्स (आईएसएई) के अध्यक्ष प्रो. दिनेश मारोठिया, नई दिल्ली से मध्यस्थ दर्शन के अध्येता सोमदेव त्यागी, दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार सुदीप ठाकुर विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही पूर्व निर्वाचन अधिकारी व आईएएस डॉ. सुशील त्रिवेदी, भाषाविद डॉ. चितरंजन कर, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना, प्रो. डॉ. कल्पना मिश्रा, अभिभावक विद्यालय रायपुर की संचालिका अनिता शाह, डॉ. राकेश गुप्ता, गौतम बंद्योपाध्याय, पत्रकार समीर दीवान, सोशल एक्टिविस्ट उचित शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता अन्यतम शुक्ला, अधिवक्ता केके शुक्ला, अभ्युदय संस्थान अछोटी से डॉ. संकेत ठाकुर, डॉ. शुभा बनर्जी, पत्रकार पूजा जैन, निखिल तिवारी विशेष वक्ता होंगे।

---

## माध्यमिक शिक्षा मंडल विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए बनाएगा व्यवस्था

# बोर्ड परीक्षा से पहले विशेषज्ञ समझाएंगे कठिन विषय, सुबह 15 मिनट मेडिटेशन, 1 घंटे की पढ़ाई में 10 मिनट का ब्रेक

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** इन दिनों अभ्यर्थी बोर्ड एग्जाम की तैयारियों में जुटे हुए हैं। दूसरी ओर छग माध्यमिक शिक्षा मण्डल भी बच्चों के मार्गदर्शन के लिए व्यवस्था बना रहा है। इस वर्ष मण्डल द्वारा बदलाव करने की तैयारी है, जिसके अनुसार कठिन विषय के विशेषज्ञों को बुलाया जाएगा। जो बच्चों को विषय संबंधी सरल जवाब और लेखन विधि की जानकारी देंगे। आमतौर पर मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिक काउंसिलिंग के दौरान मौजूद होते हैं। इस वर्ष मण्डल काउंसिलिंग के समय को भी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है, इससे अभ्यर्थियों को बातचीत के लिए अधिक समय मिलेगा।

बोर्ड एग्जाम के लिए 1 मार्च का समय तय किया गया है, जिसके अनुसार फरवरी में काउंसिलिंग का सिलसिला जारी रहेगा। प्री-बोर्ड के परिणाम से बोर्ड एग्जाम की तैयारी का आकलन किया जाता है, इसमें समय, प्रश्न और विषयों की एक समझ स्थापित हो जाती है। ऐसे में सही तैयारी के लिए शहर के मनोचिकित्सक और मनोवैज्ञानिकों ने हरिभूमि से चर्चा की। जिन्होंने बोर्ड एग्जाम की सही तैयारी को लेकर विचार साझा किया है। जिसे फॉलो कर 60-70 प्रतिशत सरलतापूर्वक हासिल कर सकते हैं।



### 25 मिनट पढ़ाई और 15 मिनट ब्रेक

मनोचिकित्सक डॉ. अजित वरवंडकर ने बताया, परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों का तनाव बढ़ जाता है, ऐसे में माता-पिता का सहयोग सबसे फायदेमंद साबित होता है। परिजनों का सपोर्ट बच्चों को सकारात्मक ऊर्जा देता है। सभी अभ्यर्थी 20-25 मिनट लगातार पढ़ाई करें, जिसके बाद 10-15 मिनट का ब्रेक लें। एग्जाम के दौरान मोबाइल से दूर रहने की कोशिश करें, मोबाइल का अधिक प्रयोग आपका समय बरबाद कर सकता है। तनावमुक्त रहने के लिए रोजाना सुबह 15 मिनट मेडिटेशन और एक्सरसाइज करें।

### इंपोर्टेंट लाइन को हाइलाइट करें

मनोवैज्ञानिक मोनिका साहू ने बताया, परीक्षा के दौरान फिजिक्स, गणित, पॉलिटिकल साइंस और स्किल डेवलपमेंट के सबसे अधिक प्रश्न पूछे जाते हैं। अच्छे अंक के लिए प्रश्नों का जवाब सटीक और साफ अक्षरों के साथ दें, ऐसे में इंपोर्टेंट लाइन को ब्लैक और ब्लू पेन से हाइलाइट कर लिखें। बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए लभगभ 35 दिन से अधिक का वक्त है, इस समय का सही उपयोग करें। प्रश्न बोर्ड द्वारा जारी प्रश्नों को हल करें, बीते तीन साल के प्रश्नपत्र हल करते चलें। इस दौरान तीन घंटे का समय तय कर सभी प्रश्नों को हल करने की कोशिश करें।

### सोने से पहले कठिन विषयों की पढ़ाई करें

मनोवैज्ञानिक स्वाति शर्मा ने बताया, बोर्ड एग्जाम के लिए कम समय बचा है। ऐसे में शॉर्ट नोट्स तैयार कर पढ़ाई करना शुरू करें। सोने से पहले कठिन विषयों की पढ़ाई करें, यह लंबे समय तक जवाब को याद रखने में मददगार साबित होता है। सोशल मीडिया का अधिक प्रयोग करने से लंबे समय तक जवाब याद रखने में दिक्कत हो सकती है। पेपर के वक्त माता-पिता बच्चों को मानसिक रूप से परीक्षा के लिए तैयार करें, दूसरे बच्चों की तुलना कर उन्हें तनाव न दें।

### ग्रामीण बच्चों में अधिक समस्या

हरिभूमि से चर्चा के दौरान काउंसलर ने बताया, ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी घर के वातावरण से अधिक तनाव में रहते हैं, जिसके कारण वे पढ़ाई के लिए अधिक समय नहीं निकाल पाते। घर पर परिजनों का सकारात्मक व्यवहार बच्चों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है, ऐसे में वे खुद को सुरक्षित महसूस करते हैं। बीते वर्ष बच्चे ने कॉल कर कहा, मेरे माता-पिता काम पर गए हैं और मुझे भी घर का काम बताकर गए हैं। मैं पढ़ाई करना चाहता हूं, लेकिन घर में काम के कारण मेरा अधिक वक्त काम में ही चला जाता है। यह स्थिति रोजाना होने के कारण मैं अधिक समय पढ़ाई को नहीं दे पा रहा हूं, अब क्या करूं?

## सिटी लाइव

# खतरे से बचाव के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग जरूरी



**रायपुर।** नेहरू युवा केंद्र और यातायात पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ शुक्रवार को टिकरापारा में जनजागरूकता रैली के साथ किया गया। इस अवसर पर 300 से अधिक युवाओं ने ट्रैफिक जागरूकता रैली में भाग लिया। "माय भारत" स्वयंसेवकों ने जनता के बीच नारे और साइन बोर्ड के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई। रैली के दौरान माय भारत स्वयंसेवकों द्वारा यातायात शपथ भी ली गई, जिसमें सभी ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के लिए अन्य लोगों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। नेहरू युवा केंद्र रायपुर के उपनिदेशक अर्पित तिवारी ने कहा कि सड़क पर खुद की और दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि नेहरू युवा केंद्र नियमित रूप से ऐसे आयोजन करता है, ताकि जनसामान्य को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा सके।

### दैनिक जीवन में लागू करने दी प्रेरणा

इस अवसर पर यातायात पुलिस रायपुर के डीएसपी सतीश ठाकुर ने युवाओं को ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यदि हम सभी हेलमेट और सीट बेल्ट पहनने जैसे छोटे-छोटे कदम उठाएं तो 50 प्रतिशत से अधिक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को रोका जा सकता है। दुर्गा कॉलेज की प्रो. सुनीता चंसोरिया ने युवाओं को सामाजिक परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक बताया और कहा कि वे सामुदायिक विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम में शुभा तिवारी, प्रिंसिपल, शहीद संजय यादव स्कूल और टिकरापारा स्थित इंडियन स्कूल के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

● शोधार्थी अब सरोकार से जुड़ी समस्याओं और सुविधाओं की बेहतरी के लिए शोध में खोज रहे समाधान

# प्रदूषण कम करने युवाओं का शोध, खेत की पराली से बनाई सुपर एनर्जी, अब इससे ई-व्हीकल को मिलेगी ऊर्जा

'अब युवा भविष्य की जरूरत और वर्तमान समस्याओं का समाधान खोजने की जुगत लगाने लगे हैं। इसके लिए वे शोध के विषय के रूप में भी इसे चुन रहे हैं। इस दिशा में कुछ युवाओं द्वारा शोध में जो नई तकनीक तैयार की गई है, उससे आने वाले समय में लोगों को कई तरह की समस्याओं से निजात मिलने वाली है। प्रदूषण का ग्रॉफ कम करने और एनर्जी का बहुआयामी विकल्प भी वे निकालने लगे हैं। कंपोजिट कर किस तरह से पानी के डाई को कम करेगा, वही सुपर कैपेसिटर ई-व्हीकल के लिए उपयोगी होगा।'

**रायपुर।** देश और प्रदेश की बेहतरी और आर्थिक मजबूती के लिए युवा अपने स्तर पर प्रयास करने लगे हैं। इसके लिए शोध के जरिए शहरी क्षेत्र में बढ़ती पानी की समस्या को देखते हुए प्रदूषित पानी को भी 93 प्रतिशत शुद्धता के साथ उपयोगी बनाने के लिए तकनीक ईजाद की जा रही है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अलग-अलग विषयों में विशेषज्ञता के साथ ही अब रिसर्च के लिए सरोकार से जुड़ी समस्याओं और जरूरतों को ही आधार बनाकर वे काम कर रहे हैं।



इनके प्रयास से नया विकल्प ऊर्जा के क्षेत्र में मिलेगा, जो आने वाले समय में सबसे बड़ी जरूरत भी बनने वाला है। इसे देखते हुए विद्यार्थी भी अब विकल्प की खोज करने लगे हैं। इनकी सफलता से सभी वर्गों को बड़ी राहत मिलेगी।

### खेत में ठूंठ से भी मिलेगी सुपर एनर्जी

*खेती-किसानी के बाद खेत की पराली (ठूंठ) से अब सुपर एनर्जी अर्जित करने की तैयारी है। वर्तमान में लोग पराली जला देते हैं, जिससे वायु प्रदूषण होता है। इससे सुपर कैपेसिटर बनाने से लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। इससे ग्रामीण क्षेत्र की आबोहवा भी शुद्ध होगी। साथ ही उनके खेतों से एनर्जी का नया जरिया भी मिलेगा। इससे बदलाव के लिए एक नया रास्ता व विकल्प मिलेगा। पानी की डाई निकालने के साथ ही इसे उपयोगी बनाएगा। साथ ही इस प्रक्रिया के बीच ऊर्जा मिलेगी।*

### प्रदूषण की समस्या का समाधान



वैभव दीक्षित ने पराली से 408 एफ/जी क्षमता वाला सुपर कैपेसिटर बनाया है। रसायन विभाग के इस शोधार्थी ने अपने सुपरवाइजर डॉ. इंद्रपाल करभाल एवं सीनियर रिसर्च स्कॉलर्स राजीव नयन, सूर्यकांत मानिकपुरी के निर्देशन में उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने पराली का उपयोग करते हुए एक उच्च क्षमता वाला सुपर कैपेसिटर तैयार किया है। यह शोध ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। साथ ही पर्यावरण प्रदूषण की समस्या का समाधान भी प्रस्तुत किया है, जो पराली जलाने से उत्पन्न होती है। इस तकनीक में पराली से एक विशेष प्रक्रिया से कार्बन मटेरियल में परिवर्तित करेगा, जो सुपर कैपेसिटर के निर्माण में एक मुख्य घटक का काम करेगा। इसका इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों, इलेक्ट्रिक वाहनों में उपयोग संभव है।

### ग्राफीन से बनाया एंटीबायोटिक गुणों वाला कंपोजिट



शहर की शुभ्रा सिन्हा ने ग्राफीन से एंटीबायोटिक गुणों वाला ऐसा कंपोजिट बनाया है, जो पानी से प्रदूषक डाई को निकालेगा। साथ ही ऊर्जा भंडारण का विकल्प बनाएगा। रविवि के रसायन विभाग की शोधार्थी सुश्री सिन्हा ने शोध सुपरवाइजर प्रो. मानस कांति देव, डॉ. इंद्रपाल करभाल के निर्देशन में यह उपलब्धि हासिल की है। नाइट्रोजन व सल्फर डोप्ड ग्राफीन का उपयोग करके उन्होंने कंपोजिट तैयार किया है। प्रदूषक डाई को मात्र 15 मिनट के अंतराल में 93% गंदगी पानी में से निकालकर जल प्रदूषण की समस्या का समाधान देता है। यह प्रक्रिया न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि कम लागत पर अधिक प्रभावी समाधान प्रदान करती है। इस कंपोजिट का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक व्हीकल में भी किया जा सकता है।

## धर्म लाइव

# पाकिस्तान-सिंध तीर्थयात्रा से लौटे संत दिया मानवता-सांस्कृतिक एकता का संदेश



**रायपुर।** पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ के नवम पीठाधीश्वर संत डॉ. युधिष्ठिरलाल महाराज पाकिस्तान के सिंध प्रांत की 10 दिवसीय ऐतिहासिक तीर्थयात्रा संपन्न कर शुक्रवार संध्या 4 बजे शहर लौटे। इस पवित्र यात्रा में 84 श्रद्धालु शामिल हुए, जिन्होंने हयात पिताफी, खानपुर महर, साधुबेला, मीरपुर माथेलो, माथेलो साहिब और ननकाना साहिब जैसे पवित्र स्थलों के दर्शन किए। इस यात्रा ने न केवल धार्मिक महत्व को रेखांकित किया, बल्कि मानवता और सांस्कृतिक एकता का संदेश भी दिया। संतश्री की उपस्थिति में सिंध के विभिन्न तीर्थस्थलों पर अनेक धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रीमद भागवत गीता और रामायण के पठन में भाग लिया।

### श्रद्धालुओं के जयकारों से गूंज उठा एयरपोर्ट

संतश्री के शहर आगमन पर एयरपोर्ट पर श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहा। जय शदाराम और धूणी वाले महादेव की जय-जयकार से पूरा एयरपोर्ट गूंज उठा। शदाणी सेवा मंडल और युवा मंडल के सदस्य पूरी श्रद्धा और उल्लास के साथ उपस्थित रहे। एयरपोर्ट से संतश्री का काफिला भक्तों के जयकारों और धार्मिक भजनों के साथ शदाणी दरबार तीर्थ पहुंचा। जहां पूज्य गुरुमां ने संतश्री का पारंपरिक आरती से स्वागत किया। बालिका मंडल द्वारा प्रस्तुत धार्मिक भजनों और नृत्य ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु संतश्री के दर्शन और आशीर्वाद पाकर अपार आनंद का अनुभव हुआ।

कलिकाल में हर घर क्लेश की समस्या

# वर्तमान दौर में कोई भी संतुष्ट नहीं

**रायपुर।** श्रीमद भागवत कोई ग्रंथ पुस्तक या पोथी नहीं है, बल्कि यह साक्षात गोविंद है। यह ऐसा दिव्य अमृत है, जिसके सेवन से सभी जीवों का जीवन तर जाता है। श्रीमद भागवत किसी ग्रंथ, पुस्तक या पोथी का प्रतिपालन नहीं करता, बल्कि सभी ग्रंथ व पुस्तक श्रीमद भागवत का प्रतिपालन करते हैं। गुढ़ियारी हनुमान मंदिर में शुक्रवार से शुरू हुए हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव में श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन भागवत महात्म्य के बारे में यह बातें श्रद्धालुओं को वृंदावन से आए कथावाचक पं. मनोज कृष्ण शास्त्री ने बताईं। शास्त्रीजी ने कहा कि आज के दौर में कोई भी संतुष्ट नहीं है, आनंदित नहीं है, क्योंकि आनंद उनके जीवन से चला गया है। सभी का उल्टा अर्थ हो सकता है, लेकिन आनंद का उल्टा अर्थ हो ही नहीं सकता। जो जीवन में आनंदित रहता है, फिर उसे किसी चीज की आवश्यकता नहीं होती और न ही उसका ध्यान कहीं और भटकता है, क्योंकि वह भगवान के आनंद में डूबा रहता है।



### निकली भव्य कलश यात्रा

*हनुमान मंदिर वार्षिकोत्सव की शुरुआत सुबह भव्य कलश यात्रा के साथ हुई, यह कलश यात्रा महेश भवन (रामदेव बाबा मंदिर) से प्रारंभ हुई और गुढ़ियारी का भ्रमण करते हुए मारुति मंगलम कथास्थल पर आकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस कलश यात्रा में कथावाचक पं. मनोज कृष्ण शास्त्री बग्घी के बजाय श्रीमद् भागवत कथा पुराण के संग-संग चल रहे थे।*

# सराहनीय पहल, 11 जोड़ों के निशुल्क विवाह का एक परिवार ने उठाया जिम्मा

**रायपुर।** शहर में अलग-अलग समाज ही नहीं, बल्कि अब ऐसे सक्षम परिवार भी सामने आने लगे हैं, जो खुद सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहे हैं। कर्ण फाउंडेशन से जुड़े साहू परिवार के लोग हर साल की तरह चौथे साल भी निशुल्क सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन करने की तैयारी में हैं। इस संबंध में शुक्रवार को पत्रकारवार्ता में आयोजक चंद्रवती साहू, शत्रुहन लाल साहू ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छोटे बेटे ने कोविड के दौर में आदर्श विवाह किया। इसके बाद से हमने निर्णय लिया कि इसे आयोजन का हिस्सा बनाया जाए, ताकि सनातन समाज की हर जाति और वर्ग के वर-वधू को गृहस्थ जीवन में प्रवेश कराने में परिवार लोगों की मदद कर सके।



### सिंधु पैलेस में होगा आदर्श विवाह

आयोजन के बारे में विद्या देवी साहू, नीरज, श्वेता साहू ने बताया कि अभी तक 11 जोड़ों ने आदर्श विवाह के लिए सहमति दी है। इसके अलावा 10 नए आवेदन भी आए हैं। प्रयास यही है कि उन्हें भी आदर्श विवाह का हिस्सा बनाया जाए। 8 फरवरी को शंकर नगर स्थित सिंधु पैलेस में आयोजन किया जाएगा। इस आदर्श विवाह में स्व-जातीय जोड़े का ही आदर्श विवाह कराया जाएगा। इसके लिए माता-पिता की सहमति भी ले रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने के लिए आपस में जिम्मेदारी तय की है। इस बार भी वर-वधू को शादी के बाद हरसंभव उपहार भी दिए जाएंगे। यहां आने वाले मेहमान भी उन्हें उपहार देते हैं।




## दादाबाड़ी में होगा अभिनंदन समारोह

# सांसारिक मोहमाया छोड़ संयम की राह पर चलेंगी सीए राखी सांखला

**रायपुर।** बालोद के डौंडीलोहारा में पली-बढ़ी राखी सांखला सांसारिक जीवन त्यागकर संयम पथ पर चलने जा रही हैं। उन्होंने एमकॉम, सीए आईपीसीसी ग्रुप 1 की पढ़ाई की है। आचार्य भगवान 1008 श्री रामलाल जी की पावन निश्रा में संभवतः 7 फरवरी को राजस्थान में दीक्षा लेंगी। उन्होंने लगभग 200 किमी विहार पदयात्रा की है। मुमुक्षु बहन राखी का कहना है कि अहिंसा, अपरिग्रह और संयम समाज में इन्हीं तीन सिद्धांतों से शांति आ सकती है। जीवन के लिए भी यही तीन सिद्धांत लागू होते हैं। इसी पर चलकर आत्मकल्याण की ओर अग्रसर होने के लिए उन्होंने दीक्षा लेने का फैसला लिया। बता दें कि राखी ने धार्मिक शिक्षा में आरुग्गबोहिलाभं, उन्नयन, मुमुक्षु शिविर, मोक्षार्थी शिविर, मोक्षानुभुति शिविर, आरोहणा शिविर आदि किया है। वे मुकेश-ललिता सांखला की पुत्री, सर्वज्ञ सांखला की बहन हैं।

### बचपन से धार्मिक अध्ययन पर रुचि




राखी का कहना है कि गुरु भगवंतों की कृपा और परिवार के सहयोग, आशीर्वाद से दीक्षा लेकर वे अपना जीवन धर्म-अध्यात्म में बिताएंगी। जीवन का वास्तविक अर्थ समझने के लिए वे दीक्षा को जरूरी मानती हैं। धार्मिक अध्ययन में उन्होंने श्रीदशवैकालिक सूत्र, श्रीउत्तराध्ययन सूत्र, श्रीनंदी सूत्र, श्रीसुखविपाक सूत्र, श्रीउववाई सूत्र की 22 गाथाएं, श्रीअनुत्तरीपपातिक सूत्र, श्रीभगवती, श्रीप्रज्ञापना सूत्र के कुछ थोकड़े, पुच्छिसुणं, कर्म प्रज्ञप्ति-1-16 आदि किया है। जैन संस्कार पाठ्यक्रम 1-4 श्रुत आरोहक 1 और 2 की धार्मिक परीक्षा भी दिलाई है।

### कल अभिनंदन समारोह

मुमुक्षु सुश्री राखी सांखला सांसारिक जीवन को त्यागकर संयम के मार्ग पर अग्रसर हो रही हैं। जैन संवेदना ट्रस्ट के महेंद्र कोचर व विजय चोपड़ा ने कहा कि संयम जीवन ही मोक्ष प्राप्ति की प्रथम सीढ़ी है। मुमुक्षु के बहुमान व अनुमोदना के भावों से हमारे जीवन में भी ऐसा अवसर आने का सौभाग्य प्राप्त हो सकता है। 19 जनवरी रविवार को प्रातः 10 बजे से श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, एमजी रोड पर अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। मुमुक्षु राखी के वीर माता-पिता मुकेश-ललिता सांखला का भी अभिनंदन जैन समाज द्वारा समारोह में किया जाएगा।

## सिटी स्पोर्ट्स

### स्कूली खेलों में छत्तीसगढ़ की बालक स्क्वैश टीम सेमीफाइनल में पहुंची



**रायपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 17 से 19 जनवरी तक दिल्ली के के आर मंगलम वर्ल्ड स्कूल में जारी 68 वीं स्कूल राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप 2025 में छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के बालक अंडर 19 वर्ग ने सेमी फाइनल में जगह बना ली है।सेमी फाइनल में छत्तीसगढ़ का सामना तमिलनाडु से होगा। पहले राउंड में छत्तीसगढ़ की टीम ने असम को 2-0 (11-6, 11-8, व 11-8, 11-7) से हराया। क्वार्टर फाइनल में गुजरात की टीम को 2-0 (11-7, 11-9 व 11-8, 11-9 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। टीम छत्तीसगढ़ में यश सोनवानी, मलय राठौड़, जीत पारेख और अर्सलान शेख शामिल हैं। दिल्ली से टीम मैनेजर गजेंद्र साहू व कोच बुद्धेश्वरी साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी खिलाड़ी रायपुर डिस्ट्रिक्ट स्क्वैश एसोसिएशन द्वारा संचालित स्क्वैश कॉम्प्लेक्स नगर निगम, बुढ़ापारा में अभ्यास करते है। खिलाडियों की इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ में स्क्वैश के जनक डॉ विष्णु कुमार श्रीवास्तव, रायपुर डिस्ट्रिक स्क्वैश एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल, जे डी रायपुर राकेश पाण्डेय सहयक संचालक अनिल मिश्रा, डी एस ओ आई पी वर्मा संदीप गोविलकर प्रकाश कश्यप, राहुल साहू ने बधाई दी और सेमी फाइनल मैच के लिए खिलाडियों क़ो इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### राष्ट्रीय व अंतरराज्यीय मुकाबले में उतरेंगे छत्तीसगढ़ टेटे खिलाड़ी




**रायपुर।** भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में गुजरात स्टेट टेबल टेनिस संघ द्वारा सूरत में 19 से 26 जनवरी तक 86वीं सीनियर राष्ट्रीय एवं अंतर राज्यीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 आयोजित की जा रही है। जिसके लिये छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला ने छत्तीसगढ़ राज्य के सीनियर (पुरूष एवं महिला) टीम की घोषणा की है। इस अवसर पर कनाडा के मास्टर्स बैडमिंटन खिलाड़ी एवं राज्य के पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी राहुल ताम्रकार, संघ पदाधिकारी विनय बैसवाड़े सहित सभी पदाधिकारियों ने टीम को शुभकामनाए दी एवं अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जतायी। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु छत्तीसगढ़ राज्य कि सीनियर (पुरुष एवं महिला) टीम शुक्रवार को रवाना हुयी। टीम के कोच पीएन मजुमदार (रायपुर) एवं मैनेजर श्रीमती गीतांजली पाठक (दुर्ग) है। छत्तीसगढ़ से प्रतियोगिता में अंपायरिंग के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे (रायपुर) को चुना गया है। छत्तीसगढ़ टीम में सीनियर पुरुष में अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर), प्रणय चौहान (रायपुर), अरिंदम देबनाथ (रायपुर), सागर घाटगे- कप्तान (रायपुर), राजीव साहू (रायपुर) सीनियर महिला में सुष्मिता सोम -कप्तान (बिलासपुर), प्रज्ञा पाठक (दुर्ग), सुरभि मोदी (रायपुर), लावण्या पांडे (रायपुर) और दीप्ति मंडावी (कोंडागांव) शामिल हैं। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े ने दी।

### छत्तीसगढ़ बालक-बालिका बेसबॉल टीम ने फाइनल में जगह बनाई



**रायपुर।** नांदेड़ महाराष्ट्र में 15 से 18 जनवरी तक आयोजित 68 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता में बेसबॉल 19 वर्ष छत्तीसगढ़ की बालक बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। छत्तीसगढ़ की टीम के प्रमुख प्रबंधक अख्तर खान ने बताया कि छत्तीसगढ़ बालक टीम का क्वार्टर फाइनल मैच सीबीएसई से हुआ। जिसमें एक तरफा बढ़त बनाते हुए छत्तीसगढ़ बालक की टीम ने 12-00 से यह मैच जीत लिया जिसमें पवन देवांगन, हिमांशु देवांगन, प्रांशु निर्मलकर और रति संदीप वर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए 2-2 रन बनाए। वहीं बालिका टीम ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में हरियाणा को 09-03 से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। जिसमें अनसुईया, समरी, हर्षिता महोबिया और पायल साखरे ने अपनी टीम के लिए रन बनाएं।

छत्तीसगढ़ बालक टीम का सेमी फाइनल मुकाबला केरल से हुआ बहुत ही रोमांचक मैच में छत्तीसगढ़ बालक टीम ने 2-1 से पराजित करते हुए फाइनल में अपनी जगह बनाई। जिसमें टीम के लिए संदीप वर्मा ने शानदार पीचिंग किया। वहीं बालिका टीम ने अपने सेमीफाइनल मुकाबले में पंजाब टीम को 03/00 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। टीम के कोच मैनेजर मृत्युंजय शर्मा, अख्तर खान, नेहा यादव और अंजलि खलखो है। प्रदेश के सहायक संचालक अनिल मिश्रा, छत्तीसगढ़ बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष, जिला क्रीड़ा अधिकारी अवधराम चंद्राकर, मुकेश कश्यप, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लखन देवांगन, अंकुर रजक, संदीप गाहिरे और योगेंद्र यादव ने टीम के उत्तरोत्तर प्रदर्शन के लिए हर्ष व्यक्त किया है।

### 40 की उम्र के बाद आंखों पर देना चाहिए विशेष ध्यान

# एक उम्र के बाद अपनी आंखों पर दीजिए ज्यादा ध्यान, तकलीफों को बिल्कुल भी अनदेखा न करें

आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं, इन्हीं की मदद से हम दुनिया के नजारे ले पाते हैं। हालांकि उम्र बढ़ने के साथ आंखों की समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। विशेषकर 40 की उम्र के बाद ज्यादातर लोगों में आंखों से संबंधित समस्याएं शुरू हो जाती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अब कम उम्र के लोगों में भी आंखों की समस्याएं बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। बड़ी संख्या में बच्चों में कम दिखाई देने, रोशनी की कमी होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसके कारण कम उम्र में ही चश्मा लग जा रहा है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहना बहुत आवश्यक है। विशेषतौर पर 40 की उम्र के बाद आपको और भी सावधान हो जाना चाहिए। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल-आहार में गड़बड़ी के कारण आंखों से संबंधित दिक्कतें बढ़ती हुई देखी जा रही हैं। धूम्रपान, स्क्रीन के अधिक इस्तेमाल जैसी गड़बड़ आदतों के कारण आंखों पर अतिरिक्त तनाव बढ़ रहा है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी कम उम्र से ही आंखों की देखभाल करते रहें। आइए कुछ उपायों के बारे में जानते हैं जिनका पालन करके आप आंखों की रोशनी को ठीक बनाए रख सकते हैं। 40 की उम्र के बाद इन उपायों पर ध्यान रखना और भी जरूरी हो जाता है।



#### कम उम्र से ही पौष्टिक आहार पर दें ध्यान

पौष्टिक आहार संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए जरूरी हैं। आंखों की रोशनी को भी बेहतर बनाए रखने, रेटिना और मांसपेशियों को स्वस्थ रखने के लिए आहार में पौष्टिक चीजों का जरूर शामिल किया जाना चाहिए। ऐसा आहार जो विटामिन-ए, सी और ई, जिंक, ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट्स और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हों, आंखों को स्वास्थ रखने में महत्वपूर्ण माने जाते हैं। हरी पत्तेदार सब्जियों, गाजर, चुकंदर, बादाम, अंडे के साथ खट्टे फलों को आहार का हिस्सा बनाकर आंखों को स्वस्थ रखा जा सकता है।

#### कम करें स्क्रीन टाइम



स्क्रीन टाइम यानी मोबाइल-कंप्यूटर पर बीतने वाला समय। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने पाया कि आपका स्क्रीन टाइम जितना अधिक होगा, आंखों के लिए उतनी समस्याएं हो सकती हैं। हमारी आंखों में आंसू के रूप में नमी होती है। ये आंसू की फिल्म पानी के साथ-साथ इलेक्ट्रोलाइट्स और प्रोटीन और एंजाइम से बनी होती है। लंबे समय तक स्क्रीन के संपर्क में रहने के कारण समय के साथ आंसू सूखने लगते हैं, हमारी आंखें शुष्क होती जाती हैं।आंखों में नमी कम होने से दर्द, लालिमा, रगड़ बढ़ जाती है जिससे आंखों की नाजुक त्वचा को क्षति पहुंच सकती है।

#### आंखों का व्यायाम जरूरी

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जिस तरह से व्यायाम जरूरी है, आंखों के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। आंखों के व्यायाम के लिए हर 20 मिनट में, कम से कम 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखने की आदत बनाएं। आंखों को थोड़ी-थोड़ी देर पर बंद करके क्लाक और एंटीक्लाक वाइज घुमाएं। आंखों की मांसपेशियों को मजबूत रखने, रक्त का संचार बढ़ाने में कुछ योग के अभ्यास को काफी लाभकारी पाया गया है।

#### नियमित जांच जरूरी



उम्र बढ़ने के साथ आंखों की रोशनी कम होने लगती है, पर इसकी शुरुआत काफी पहले से ही हो जाती है। हमें इसका पता तब चल पाता है जब समस्या काफी बढ़ जाती है। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से आंखों की जांच कराई जाए। आंखों की कई ऐसी बीमारियां हैं जो बिना किसी लक्षण के लंबे समय तक बनी रहती हैं और अंदर ही अंदर क्षति पहुंचाती रहती हैं इसलिए वार्षिक नेत्र जांच कराना महत्वपूर्ण है।



### एलिट ग्रुप क्रिकेट में जारी है शानदार खेल, विभिन्न शहरों में हो रहे मुकाबले

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2024-25 का आयोजन 05 जनवरी से जारी है। टूर्नामेंट में अब तीसरे राउंड के चार मैच (15 जनवरी से 18 जनवरी तक) खेले जा रहे हैं। जिसमें शुक्रवार को तीसरे दिन धमतरी, कांकेर, भिलाई और दल्ली राजहरा में विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए।

#### भिलाई की महासमुंद पर एक पारी 122 रन से जीत

भिलाई बनाम महासमुंद में ग्रुप ए का पांचवा चार दिवसीय मैच भिलाई एवं महासमुंद के मध्य धमतरी में खेला गया। महासमुंद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। महासमुंद ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 70।1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाये। महासमुंद की ओर से यशस्वी साहु ने सर्वाधिक 39 रन तथा श्रेयांश ने 20 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से यथार्थ सिंह चौहान ने 5 विकेट तथा दिवाकर ताम्रकार ने 4 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 121.3 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 421 रन बनाये। भिलाई की ओर से दिवाकर ताम्रकार ने 101 रन, यथार्थ सिंह चौहान ने नाबाद 81 रन तथा इशांत राव ने 58 रन बनाये। वहीं महासमुंद की ओर से आयुष द्विवेदी ने 3 विकेट तथा समरेश जोशी ने 2 विकेट प्राप्त किये। महासमुंद ने अपनी दूसरी पारी में 49.4 ओवरों में 10 विकेट पर 137 रन ही बनाये। महासमुंद की ओर से आदित्य कुमार ने 38 रन तथा अनमोल द्विवेदी ने 31 रन बनाये। भिलाई की ओर से रुद्र नारायण वर्मा ने 4 विकेट तथा यथार्थ सिंह चौहान ने 3 विकेट प्राप्त किये। भिलाई ने मैच एक पारी तथा 122 रनों से जीत लिया।

#### रायपुर की एक पारी 293 रनों से कांकेर पर जीत

ग्रुप ए का छठवां चार दिवसीय मैच बिलासपुर ब्लु एवं रायपुर के मध्य कांकेर में खेला गया। बिलासपुर ब्लू ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 166.2 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 508 रन बनाये तथा पारी घोषित कर दी। रायपुर की ओर से कृष्णा टांक ने सर्वाधिक 240 रन नाबाद, फैज खान ने 67 रन तथा वेदांश खेड़िया ने 43 रन बनाये। वहीं बिलासपुर ब्लू की ओर से उत्कर्ष तिवारी तथा आर्यन जायसवाल ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर ब्लू ने अपनी पहली पारी में 53.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 132 रन बनायें। बिलासपुर ब्लू की ओर से धनंजय नायक ने 40 रन तथा अनुज चंद्रा ने 28 रन बनाये। रायपुर की ओर से फैज खान ने 4 विकेट, शिवम सिंह तथा आदित्य अग्रवाल ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी बिलासपुर ब्लू ने अपनी दूसरी पारी में 41.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 83 रन ही बनाये। बिलासपुर ब्लू की ओर से आकाशदीप सिंह ने 24 रन तथा आदित्य श्रीवास्तव ने 19 रन बनाये। वहीं रायपुर की ओर से फैज खान, वेदांत जैन तथा आदित्य अग्रवाल ने 3-3 विकेट प्राप्त किये। रायपुर ने मैच एक पारी तथा 293 रनों से जीत लिया।

#### बीएसपी ने मैच 4 विकेट से जीता

ग्रुप बी का पांचवां चार दिवसीय मैच बी एस पी एवं कोरबा के मध्य सिविक सेंटर भिलाई में खेला गया। बी एस पी ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। कोरबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 22.2 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 59 रन बनाये। कोरबा की ओर से अनुभव ने सर्वाधिक 10 रन बनाये। वहीं बी एस पी की ओर से अभ्युदय सिंह ने 5 विकेट, भविष्य तथा विधान जैन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बी एस पी ने अपनी पहली पारी में 47 ओवरों में 10 विकेट खोकर 231 रन बनाये। बी एस पी की ओर से नितांत सिंह ने सर्वाधिक 64 रन तथा मयंक साहू ने 42 रनों का योगदान दिया। कोरबा की ओर से अर्मत्य पटेल ने 6 विकेट तथा अनुज शर्मा ने 4 विकेट प्राप्त किये। कोरबा ने अपनी दूसरी पारी में 94।2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 312 रन बनाये। कोरबा की ओर से पवित्रम नायक ने सर्वाधिक 121 रन तथा अर्मत्य पटेल ने 42 रनों का योगदान दिया। बी एस पी की ओर से सौरभ, नितांत, भविष्य तथा विधान जैन ने 2-2 विकेट प्राप्त किये।

### देशभर के आर्किटेक्टों के बीच क्रिकेट बैडमिंटन में हुए रोमांचक मुकाबले



**रायपुर।** द इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट द्वारा आयोजित राष्ट्रीय खेल स्पर्धा के तहत शुक्रवार को अलग-अलग ग्राउंड में क्रिकेट, बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस के कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। शनिवार को लीग के बचे हुए मुकाबले के साथ क्वार्टर फाइनल मैच भी होंगे।

शुक्रवार को रियाज अकादमी के सेरीखेड़ी स्थित ग्राउंड में खेले गए पुरुषों के क्रिकेट मैचों में पहला मैच केरला टस्कर्स और तमिलनाडु बुल्स के बीच खेला गया। इसमें तमिलनाडु ने 25 रनों से जीत हासिल की। जुफर मोहम्मद मैन ऑफ द मैच चुने गए। दूसरे रोमांचक मैच में कलिंगा वारियर्स ओडिशा ने शेरे पंजाब को 4 रनों से हराया। मनीष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच केरला टस्कर्स के नाम रहा। केरल ने शेरे पंजाब को 5 विकेट से हराया। शब्बीर मैन ऑफ द मैच बने। चौथा मुकाबला तमिलनाडु ने कलिंगा वॉरियर्स को 22 रनों से हराकर जीता। सूर्या को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इसी मैदान में शनिवार को लीग के दो मैच तथा दूसरा हॉफ में इस पुल का क्वार्टर फाइनल मैच होगा।

- आज भी खेले जाएंगे लीग के मैच, क्वार्टर फाइनल भी होगा

इसी तरह सीएससीएस ग्राउंड में 5 मैच खेले गए। पहला मैच महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया। कांटे के मुकाबले में महाराष्ट्र की जीत हुई। दूसरे मैच में एमपी टाइगर ने बिहार बुलेट्स को पराजित किया। तीसरे मैच में महाराष्ट्र लीजेंड ने यूपी सुपर ज्वाइंट्स तथा चौथे मैच में छत्तीसगढ़ बुल्स ने एकतरफा मैच में बिहार बुलेट्स का हराया। वहीं पांचवे मैच में यूपी ने एमपी को रोमांचक मैच में परास्त किया। एक अन्य ग्राउंड में खेले गए मैच में एमपी ने आईआईए को हराया। अनंत मिश्रा मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मैच में झारखंड ने जम्मू-कश्मीर, तीसरे में एमपी ने राजस्थान, चौथे मुकाबले में आईआईए अध्यक्ष इलेवन ने झारखंड तथा पांचवें मैच में राजस्थान ने जम्मू-कश्मीर को पराजित किया। इन मैचों के श्रेष्ठ खिलाड़ी अभिषेक गौरव, अनंत मिश्रा, प्रीतिश भोसले एवं आयुष भारद्वाज चुने गए। इसके अलावा मोवा स्थित एरीना स्पोर्ट्स क्लब में बैडमिंटन ग्राउंड में महिला व पुरुष बैडमिंटन तथा टेबल टेनिस के मैच खेले गए।

### ठंड में जरूर पिएं लेमन टी, होंगे ये फायदे



चाय के शौकीन हैं तो सर्दियों में नींबू वाली चाय का सेवन करें, इससे आपकी सेहत को काफी फायदा पहुंच सकता है। चाय हम सभी की पसंदीदा ड्रिंक होती है। दिन की शुरुआत चाय के साथ ही होती है। कुछ चाय के शौकीन तो ऐसे होते हैं जो दिन भर में कई बार पी ही लेते हैं। सर्दियों में इसका सेवन और भी ज्यादा बढ़ जाता है। अगर आप भी चाय के शौकीन है तो आप दूध वाली चाय की बजाय नींबू की चाय से दिन की शुरुआत करें। यूं तो हर मौसम में लेमन टी पीने से फायदा पहुंचता है लेकिन सर्दियों में यह आपके लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है आइए जानते हैं कि आखिर ठंड में नींबू की चाय को क्यों रूटीन का हिस्सा बनना चाहिए।

#### ठंड में लेमन टी पीने के फायदे

नींबू की चाय पीने से इसलिए फायदा हो सकता है, क्योंकि नींबू की चाय में विटामिन सी, राइबोफ्लेविन, विटामिन बी6, नियासिन, शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट, एंटीबैक्टीरियल गुण मौजूद होते हैं। सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है और आप बार-बार बीमार पड़ते हैं। ऐसे में नींबू में मौजूद विटामिन सी, आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करता है और इससे संक्रमण से लड़ने की क्षमता बढ़ती है। नींबू की चाय पीने से आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। इससे आपको फैट बर्न करने में मदद मिलती है और आप वजन गेन करने से बच जाते हैं। (मेटाबॉलिज्म कैसे बूस्ट करें) नींबू की चाय में एंटीबैक्टीरियल और एंटीवायरल गुण होते हैं, जिनके सेवन से आपको इंफेक्शन काम करने में मदद मिलती है।

### फैसला लेने की घड़ी में घबराहट और तनाव महसूस करते हैं तो कुछ पल ठहरिए और जानिए अपनी समस्या


डॉ. चांदनी तुगनैत बताती हैं कि प्रतिस्पर्धा के इस दौर में जहां आज निर्णय लेने की क्षमता का महत्व काफी बढ़ चुका है, वहीं बहुत सारे लोग निर्णय लेने के कौशल से अंजान हैं। ऐसे में इन लोगों के लिए सही निर्णय लेना काफी मुश्किल हो जाता है और अक्सर ऐसे लोग निर्णय लेते वक्त तनाव और मानसिक अवसाद का शिकार बन जाते हैं। आजकल लोगों के पास एक से अधिक जिम्मेदारियां होती हैं और उन सबको निभाते वक्त कई बार निर्णय लेने की प्रकिया गुजरना होता है। ऐसे में बार-बार निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यक्ति को इसके प्रति उदासीन बनाने के साथ-साथ तनाव का भी कारण देती है। जितना अधिक लोगों के पास निर्णय लेने का लक्ष्य बढ़ता जाता है, तनाव के चलते उनके निर्णय की गुणवत्ता उतनी ही घटती जाती है। बात की जाए इस समस्या के निजात की तो इस बारे में हमारी एक्सपर्ट डॉ. चांदनी तुगनैत का कहना है कि निर्णय लेने में तनाव की समस्या से बचने के लिए आपको निर्णय लेने के कौशल को हासिल करना होगा। इसके लिए आपके उन व्यवहारिक तरीकों को अपनाना होगा, जिनसे आप निर्णय लेने में महारत हासिल कर सकें। चलिए अब उन व्यवहारिक तरीकों और रणनीतियों के बारे में बात कर लेते हैं, जो आपको निर्णय लेने में कुशल बना सकते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जारी हुआ 'अनटिल डान' का पहला लुक, हॉरर -सस्पेंस से भरी है कहानी



सोनी पिक्चर इंडिया की आगामी हॉरर थ्रिलर फिल्म अनटिल डान का पहला लुक सामने आ गया है। फिल्म का निर्देशन डेविड एफ. सैंडबर्ग ने किया है। फिल्म प्लेस्टेशन स्टूडियो वीडियो गेम पर आधारित है। फिल्म इस साल ही बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने वाली है। फिल्म की पहली झलक में बहुत सारे डरावने और थ्रिलर से भरे मोड़ देखने को मिलने वाले हैं। फिल्म को लेकर निर्देशक डेविड एफ सैंडबर्ग ने कहा कि यह एक कहानी है जो समय के चक्र पर आधारित है। फिल्म 'अनटिल डान' को हॉरर थ्रिलर के थीम पर बनाया गया है। यह फिल्म भारत में 25 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। यह कहानी है, एक अजीब से चक्रव्यूह में फंसी क्लोवर और उसके दोस्तों की। जो अपनी बहन की मौत के रहस्य को सुझलाने के लिए एक ऐसी जगह पर चले जाते हैं, जहां उन्हें खुद ही जीवित रहने की बात पर संदेह होने लगता है। ये कहानी एक रात की है, जहां क्लोवर और उसके दोस्तों के लिए रात बहुत कठिन बीतती है। इस फिल्म में कई शानदार किरदार शामिल हैं। फिल्म में एला रुबिन, माइकल सिमिनो, ओडेसा एजियन, जी-यंग यू, बेलमोंट कैमेली, मैया मिशेल और पीटर स्टॉर्मेयर शामिल हैं। फिल्म 25 अप्रैल 2025 को रिलीज होगी। अनटिल डान एक अमेरिकी हॉरर फिल्म है। यह 2015 में रिलीज हुए वीडियो गेम के लाइव-एक्शन का रूपांतरण है। यह फिल्म 25 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### टॉलीवुड

## 'घाटी' में दिखेगी अनुष्का और विक्रम की जोड़ी, रिलीज होगी अप्रैल में



अनुष्का शेट्टी अपने बागी तेवर के साथ फिल्म 'घाटी' में नजर आने वाली हैं। फिल्म की रिलीज डेट से अब पर्दा उठ चुका है। बाहुबली की 'देवसेना' यानी अनुष्का शेट्टी फिल्म 'घाटी' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के टीजर में अनुष्का के बागी तेवर साफ देखने को मिले थे। अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। कृष जागरलामुडी की निर्देशित फिल्म 'घाटी' की रिलीज डेट सामने आ गई है। 'द क्वीन' यानी रानी की कहानी घाटी सिनेमाघरों में 18 अप्रैल को रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने पोस्ट पर लिखा कि 'घाटी' की रानी की आंखों में 'आग' और 'रोष' की कहानी है। घाटी फिल्म का निर्देशन कृष जागरलामुडी ने किया है। 'घाटी' को संगीत आदित्य म्यूजिक ने दिया है। घाटी के टीजर में अनुष्का शेट्टी के तेवर फैंस को बेहद पसंद आए। इससे पहले वे बाहुबली फिल्म में अपने किरदार के कारण काफी चर्चा में रही थीं। अनुष्का के साथ इस फिल्म में विक्रम प्रभु इस फिल्म में लीडिंग रोल में नजर आएंगे। अनुष्का शेट्टी और विक्रम प्रभु इससे पहले फिल्म 'वेदुम' में साथ काम कर चुके हैं। यह यूवी क्रिएशन के साथ अनुष्का की चौथी फिल्म भी है। इससे पहले 'अनुष्का अरुंधति', 'बिल्ला', 'मिस शेट्टी मिस्टर पुलि शेट्टी', 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' फिल्म में नजर आ चुकी हैं।

### भोजपुरी

## रवि किशन विदेश में बिता रहे हैं सुकून भरे पल, यूजर्स ने की खिंचाई



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के फेमस एक्टर और बीजेपी सांसद रवि किशन अक्सर चर्चा में रहते हैं। कभी अपने काम के कारण तो कभी किसी विवाद की वजह से। वो सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहते हैं और अपनी एक्टिविटी के बारे में फैंस को बताते रहते हैं। उन्होंने हाल ही में अपनी कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिनमें बैकग्राउंड देखकर साफ पता चलता है कि वो विदेश में हैं। लेकिन कुछ यूजर्स को ये रास नहीं आ रहा है। उन्होंने प्रयागराज में शुरू हुए महाकुंभ 2025 का हवाला देते हुए कहा कि वो इस वक्त देश से बाहर कैसे हो सकते हैं! रवि किशन ने करीब एक घंटे पहले इंस्टाग्राम पर कुछ फोटोज शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा- गुड डे। वो विदेशी धरती पर घूम-टहल रहे हैं। क्वालिटी टाइम बिता रहे हैं और प्रकृति की खूबसूरती के बीच सुकून के पल बिता रहे हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी पोस्ट में लोकेशन का जिक्र नहीं किया है और ये तस्वीरें नई हैं या फिर पुरानी, इसकी भी पुष्टि नहीं है। रवि किशन के पोस्ट पर फैन प्यार बरास रहे हैं। एक ने लिखा- लंदन वाइब्स। यानी वो इस वक्त लंदन में हैं। बहुत सारे फैंस उनकी तारीफ कर रहे हैं, लेकिन कुछ यूजर्स मुंह बिचका रहे हैं कि उन्हें महाकुंभ के वक्त अपने देश में, प्रयागराज में होना चाहिए था। रवि किशन का पूरा नाम रविंदर किशन शुक्ला है। वो एक्टर, प्रोड्यूसर, टीवी पर्सनैलिटी और पॉलिटिशियन हैं। उन्होंने भोजपुरी के अलावा हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम किया है। कन्नड़ और तमिल फिल्मों में भी एक्टिंग की है। वो रियलिटी शो 'बिग बॉस' में नजर आ चुके हैं और 'झलक दिखला जा 5' में भी पार्टिसिपेट कर चुके हैं।




लैक्मे फैशन वीक एक्स एफडीसीआई हाल ही में हुआ है। इस बहुचर्चित फैशन वीक के शीर्ष ट्रेंड सुर्खियों में रहे। दर्शकों को रनवे पर कुछ बहुत ही शानदार हेयरस्टाइल देखने को मिले, जिसमें ढेरों हेयर एक्सेसरीज़ भी थीं। यहां बालों को फूलों, रिबन, हेडगियर, कैप, स्कार्फ़ और यहाँ तक कि ब्रोच जैसी दिखने वाली एसेसरीज से सजा हुआ देख दर्शकों ने भी भरपूर तारीफ की। मेंस फैशन का अपना अलग अंदाज रहा।

## वैक्सिंग से पहले पुरुष जरूर ध्यान दें इन टिप्स पर

वैक्स करवाने से पहले अपनी स्किन को इसके लिए तैयार करें और यह पुरुषों और महिलाओं दोनों पर लागू होता है। आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने से आपकी स्किन की सतह से डेड स्किन सेल्स और अतिरिक्त तेल को हटाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा मुलायम और चिकनी हो जाती है।

आप जिस पार्ट में वैक्स कराना चाहते हैं, उस पार्ट को एक्सफोलिएट करने के लिए आप बाजार से खरीदे गए या नैचुरल स्क्रब का उपयोग कर सकते हैं। वैक्सिंग सेशन से कम से कम दो दिन पहले यह काम सुनिश्चित कर लें। यह आपकी त्वचा को कुछ घंटों के लिए थोड़ा संवेदनशील बना सकता है। लूफैण का उपयोग करने से भी स्किन को वैक्सिंग के लिए तैयार करने में मदद मिल सकती है।

यदि आपकी स्किन बेहद संवेदनशील है, तो बालों को हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे अच्छा तरीका नहीं है। वैक्सिंग शरीर के बालों को हटाने का एक रफ तरीका हो सकता है, इसलिए अगर आपकी स्किन संवेदनशील है, तो दो बार सोचें।

रिएक्टिव स्किन पर वैक्सिंग करवाने से आपकी त्वचा पर लाल धब्बे या अन्य लक्षण हो सकते हैं। वैक्स करवाने का निर्णय लेने से पहले आप अपने स्किन एक्सपर्ट से बात कर सकते हैं।

आइस या कोल्ड पैक वैक्सिंग के दौरान दर्द को कम कर सकते हैं। वैक्सिंग के दौरान बर्फ, स्ट्रिपिंग से पहले आपकी स्किन को ठंडा और सूथिंग करने में मदद करती है। यह आपकी त्वचा पर लाल चकतों, खुजली और जलन को रोकने में भी मदद करेगा। एलोवेरा जेल भी इस काम को पूरा कर सकता है।




हम सब जानते हैं कि हेयर कलर करने से पहले उसके परिणामों को देखने या किसी भी रिएक्शन से बचने के लिए कलर को बालों के एक पैच पर लगाया जाता है। इसी तरह, आप अपनी स्किन पर वैक्सिंग का परीक्षण भी कर सकते हैं। सही वैक्स चुनें और देखें कि आपकी स्किन इस पर कैसी प्रतिक्रिया होती है। फुल बॉडी वैक्स करवाने से पहले, अपनी त्वचा के एक छोटे से हिस्से पर टेस्ट करें। अगर कोई एलर्जी है, तो बालों को हटाने के इस तरीके से बचें और दूसरा विकल्प चुनें।

अपनी बॉडी पर किसी भी प्रकार का वैक्स का उपयोग न करें। एक हाई क्वालिटी वाला वैक्स चुनें। वैक्स के कई अलग-अलग प्रकार होते हैं। आप सुनिश्चित करें कि आपने सही वैक्स चुना है। यह इस बात पर भी निर्भर करता है कि आप कितने बालों वाले हैं।

## मेंस ज्वेलरी सिर्फ शौकिया नहीं पहनने के दौरान बचें गलतियों से





आप ज्वेलरी कम ही पहनते हैं। कभी चेन या फिर अंगूठी। लेकिन कई पुरुष ऐसे हैं जो अब ज्वेलरी पहनना पसंद करते हैं। उन्हें कान में इयररिंग भी चाहिए और हाथ में ब्रेसलेट भी।

लेकिन जब भी ज्वेलरी पहनने का मन करे तो कुछ बातें याद रखिएगा। ये वो बातें हैं जो खूब सारी ज्वेलरी में भी आपका मेस्क्युलिन लुक मेनटेन रखेंगी। बस जब भी ज्वेलरी में लुक को परफेक्ट नंबर चाहिए हों तो इन्हें न भूलिए।

आपको भी ज्वेलरी पहनना पसंद है? लेकिन लोग क्या कहेंगे? सोचते रहते हैं तो आप गलत कर रहे हैं। आपको बस कुछ टिप्स याद रखने हैं फिर आप आसानी से ज्वेलरी वाला लुक अपना सकते हैं।

ज्यादातर भारतीयों का आज भी यही मानना है कि पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं। जबकि अब वो समय है जब फैशन के नियम भी लोग खुद बना रहे हैं।

ऐसे में पुरुष ज्वेलरी नहीं पहनते हैं सोच कर ये प्लान न ड्रॉप कीजिए बल्कि मन के हिसाब से ज्वेलरी पहनिए लेकिन पूरे आत्मविश्वास के साथ।

ये आत्मविश्वास पाने का एक तरीका ये भी है कि आप स्टोर पर जाकर ज्वेलरी ट्राई करें। पहनकर खुद को देखें और अपनी पार्टनर से भी व्यू लें। इस तरह से ज्वेलरी पहनने का आत्मविश्वास आ जाएगा। बस शुरू में ज्वेलरी लुक को बिलकुल सिंपल रखें।

आपको ये पता होना चाहिए कि कितनी ज्वेलरी को ज्यादा ज्वेलरी कहा जाएगा। इसलिए ज्वेलरी उतनी पहनिए, जितनी 'ज्यादा हो गया' वाले मामले में न आती हो। क्योंकि याद रखिए कि ज्वेलरी भले ही आप सबसे आखिर में पहनते हैं लेकिन ये वो सबसे पहली चीज होती है जिस पर निगाहें जाती हैं। इसलिए इतनी भी न पहन लीजिए कि लोग ज्वेलरी से ही नजर न हटा पाएं फिर आपके बाकी लुक का क्या होगा। हर चीज बैलेंस ही अच्छी लगती है, ये बात तो सब समझते हैं लेकिन हर काम को बैलेंस करना आसान नहीं होता है। मगर ज्वेलरी और लुक को आसानी से बैलेंस किया जा सकता है। आपको अपने पूरे लुक के हिसाब से ज्वेलरी पहननी होगी। ऐसा न हो कि आप सिर्फ गले पर ही खूब सारी चेन पहन लें। इस तरह से लुक बैलेंस नहीं होगा।

## हाथों की उंगलियां हैं छोटी तो मेहंदी के ये डिज़ाइन करें ट्राई



हर छोटे-बड़े फंक्शन पर हाथों पर मेहंदी लगाई जाती है। इसे हाथों पर लगाना बेहद शुभ माना जाता है। वहीं हाथों पर किसी भी प्रकार की मेहंदी लगाने से पहले आपको हाथों के आकार को समझना बेहद जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि कई बार बनाया गया डिजाइन आपके हाथों पर खूबसूरत लुक नहीं दे पाता है।

खासकर हाथों की छोटी उंगलियां छोटी होने पर हमें डिजाइन चुनने में परेशानी होती है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं मेहंदी के कुछ डिजाइन ज खासकर हाथों की छोटी उंगलियों के लिए खास हैं।

मिनिमल और मॉडर्न लुक वाली मेहंदी का डिजाइन हाथों में बनाना चाहती हैं तो इस तरह से केवल रिंग फिंगर में आप बारीकी से डिजाइन को बना सकती हैं। इस तरह का डिजाइन खासकर छोटे हाथों पर खूबसूरत नजर आता है। आप चाहे तो एक से ज्यादा उंगलियों पर भी इस तरह से मेह्नी को लगा सकती हैं। अगर आप खुद मेहंदी लगाना अच्छे तरीके से जानते हैं तो इस तरह की तस्वीर आप अपने हाथों पर बना सकती हैं। इस तरह के डिजाइन में खासकर हल्के हाथों के दबाव से शेडिंग की जाती है। साथ ही इस तरह की मेहंदी को लगाने के लिए आपको काफी बारीकी से डिजाइन को समझना बेहद जरूरी होता है। अगर आप मिनिमल डिजाइन की मेहंदी हाथों की उंगलियों पर लगाना चाहती हैं तो इस तरह का रिंग मेहंदी डिजाइन आपके हाथों पर बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस तरह के डिजाइन को बनाने के लिए आप बारीक साज वाली रिंग मेहंदी के पैटर्न को ही चुनें।

वहीं अगर आप मॉडर्न डिजाइन वाली मेहंदी को करवाचौथ के लिए हाथों लगाने का सोच रही हैं तो इस तरीके से हाथों की हर उंगली के साइड पर इस तरह से छोटे साइज की पत्तियां बना सकती हैं।

## किसी भी मौके पर रीक्रिएट कर सकती हैं सेलेब्रिटीज के ये व्हाइट साड़ी लुक्स



साड़ी का चलन एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है और इसे स्टाइलिश लुक देने के कई तरीके भी होते हैं। वहीं बदलते दौर में आजकल किसी भी लुक को खास बनाने के लिए इसकी स्टाइलिंग काफी सोच-समझकर करनी चाहिए ताकि आप तैयार होने के बाद खूबसूरत नजर आए। सेलिब्रिटीज व्हाइट कलर की साड़ी लुक्स को काफी पसंद कर रहे हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं व्हाइट कलर के साड़ी के कुछ खास सेलिब्रिटीज लुक्स जिन्हें आप भी कर सकती हैं आसानी से रीक्रिएट। साथ ही बताएंगे इन्हें स्टाइल करने के आसान टिप्स।

### व्हाइट साटन साड़ी डिजाइन

साटन साड़ी ग्लैमरस लुक देने में मदद करती है। इस तरह की साड़ी प्लेन साड़ी में आप सिल्वर कलर की बॉर्डर की तरह लेस भी लगवा सकती हैं। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया है।

### हैंडलूम व्हाइट साड़ी

ट्रेडिशनल वाइब देती यह साड़ी डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई है। गोल्डन कलर के बॉर्डर वर्क और पेस्टल कलर कॉम्बिनेशन के डिजाइन वाली यह साड़ी आपके लुक को खास बनाने में मदद करेगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप शैम्पेन गोल्डन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। साथ ही मेकअप के लिए ग्लिटरी और सटल आई मेकअप चुनें।

सी थ्रू साड़ी में के अंदर आप कोशिश करें कि पेटीकोट के लिए मैचिंग कपड़ा ही खरीदें और इसे अपनी बॉडी शेप के हिसाब से ही बनवाएं।

कार्नर न्यूज

### फैशन की नई तकनीक निखार रही है खूबसूरती

## अब दौर है मेडिफेशियल से अपनी स्किन को चमकाने का, अपनाने से पहले जान लें सब कुछ

मेडी फेशियल में एडवांस लेजर, लाइट डिवाइस, एक्सफोलिएशन तकनीक और वॉटर जेट का प्रयोग किया जाता है। इससे डेड स्किन सेल्स आसानी से साफ होते हैं और चेहरे पर चमक आती है। खास बात यह कि मेडी फेशियल को विशेषज्ञ की निगरानी में किया जाता है और त्वचा की समस्या को देखकर उसके मुताबिक इसमें उपचार पद्धति अपनाई जाती है। बेहतर स्किन केयर के साथ इसको अपनाया जाए तो इस के बेहतर नतीजे हासिल होते हैं।

### आम फेशियल से कितना अलग

सैलून के सामान्य फेशियल में आमतौर पर स्टीम और ब्लीच का प्रयोग किया जाता है। ऐसे में त्वचा को हानि पहुंचने की आशंका बनी रहती है। इससे स्किन बैरियर भी डैमेज हो सकते हैं, साथ ही जिन क्रीम से स्किन की मसाज की जाती है, वे भी पोर्स के ब्लॉक होने का कारण बन सकती हैं। सैलून फेशियल कुछ समय तक ही टिक पाता है।



### साइड इफेक्ट नहीं

मेडी फेशियल में स्टीम और ब्लीच जैसी हार्ड क्रीम का उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि ऐसी तकनीक प्रयोग में लाई जाती है, जो त्वचा के लिए किसी भी रूप में हानिकारक न हो। यह स्किन टोन और टेक्सचर को इंप्रूव करने में मदद करता है और तुरंत ब्राइट स्किन देता है। इससे एक्ने, फाइन लाइंस और पिगमेंटेशन जैसी समस्याएं भी दूर की जाती हैं, साथ ही त्वचा संबंधी स्थायी समस्याओं को भी दूर किया जा सकता है।

### उपचार पद्धति

मेडी फेशियल में लेजर फेशियल भी शामिल है, जो काफी एडवांस तकनीक है। स्टेम सेल फेशियल भी मेडी फेशियल का ही हिस्सा है। यह फेशियल फाइन लाइंस और झुर्रियों से बचने के लिए किया जाता है, जिससे त्वचा अधिक साफ हो जाती है।

### कई समस्याओं में कारगर

मेडी फेशियल ड्राई और लूज स्किन जैसी कई समस्याओं के उपचार में कारगर है। इसे कराने से त्वचा जवान, चमकदार, मुलायम और कोमल हो जाती है। यह तनाव कम करने में भी सहायक है।



### त्वचा के लिए सुरक्षित

त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित कुमार मीना कहती हैं, मेडी फेशियल त्वचा रोग विशेषज्ञ की देखरेख में किया जाना चाहिए। यह स्किन फ्रेंडली और लॉन्ग लास्टिंग प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करके किया जाता है, इसलिए इसे कराने के बाद विशेषज्ञ के बताए नियमों का पालन करना भी बेहद जरूरी है। साधारण सैलून फेशियल की तुलना में मेडिकल ग्रेड फेशियल त्वचा के लिए कहीं ज्यादा फायदेमंद है। यह फेशियल हर प्रकार की त्वचा की समस्या के लिए सुरक्षित होता है।